

'मैनिफेस्टेशन' में यकीन नहीं रखतीं कंगना रनौत

▸ पेज - 7

# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



जेल से चुनाव लड़ने पर रोक लगे: सुप्रीम कोर्ट

▸ पेज - 8

वर्ष : 33 ▸ अंक : 306 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, मंगलवार, 21 जनवरी 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल


# मुंबई में महंगी होगी बिजली

## बेस्ट, अडानी, टाटा पावर ने MERC में जमा किए प्रस्ताव

- **बेस्ट की बिजली 15% तक हो सकती है महंगी**

**अमित बृज । मुंबई**

मुंबई समेत मेट्रोपॉलिटन रीजन में रहने वाले लााखों लोगों महंगी बिजली का झटका लग सकता है। मुंबई और इसके उप नगरों में बिजली आपूर्ति करने वाली कंपनियों अडानी पावर, बेस्ट और टाटा ने महाराष्ट्र राज्य विद्युत नियामक आयोग (MERC) के पास अगले पांच साल में वृद्धि के प्रस्ताव पेश कर दिए हैं। इसमें बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (BEST) अंडरटेकिंग ने अगले पांच सालों के लिए बिजली दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है। इसका असर 10.5 लाख उपभोक्ताओं पर पड़ सकता है। इसके विपरीत, टाटा पावर और अदानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड (AEML) ने इसी अवधि में टैरिफ में कटौती की सिफारिश की है। बेस्ट की ओर से 15 फीसदी तक दर वृद्धि की संभावना जताई गई है।



### टाटा पावर की बिजली दरें

| यूनिट | मौजूदा दर | प्रस्तावित दर (रुपये प्रति यूनिट) |
|---|---|---|
| 0-100 | 2.18 | 2.15 |
| 101-300 | 5.36 | 5.35 |
| 300-500 | 11.62 | 9.20 |
| 501 से अधिक | 12.56 | 10.50 |

### बेस्ट की बिजली दरें

| यूनिट | मौजूदा दर | प्रस्तावित दर (रुपये प्रति यूनिट) |
|---|---|---|
| 0-100 | 1.87 | 200 |
| 101-300 | 5.46 | 5.55 |
| 300-500 | 9.46 | 9.45 |
| 501 से अधिक | 11.73 | 11.55 |

### अडानी इलेक्ट्रीसिटी की दरें

| यूनिट | मौजूदा दर | प्रस्तावित दर (रुपये प्रति यूनिट) |
|---|---|---|
| 0-100 | 3.80 | 3.45 |
| 101-300 | 6.50 | 5.95 |
| 300-500 | 8.50 | 6.90 |
| 501 से अधिक | 9.80 | 6.90 |

### बेस्ट ने बढ़ाने की तैयारी की

जानकारी के अनुसार अडानी इलेक्ट्रिसिटी ने 2025-26 में दरों में कटौती का प्रस्ताव रखा है, लेकिन इसके बाद दरों में वृद्धि का अनुमान है। टाटा पावर ने भी ग्राहकों को राहत देने का प्रस्ताव दिया है। नए दरों की घोषणा मार्च के अंत तक होने की उम्मीद है। नई दरें 1 अप्रैल से प्रभावी होंगी। महाराष्ट्र राज्य विद्युत नियामक आयोग के नियम के अनुसार हर पांच साल में बिजली कंपनियों को अपने खर्च और राजस्व जरूरतों के हिसाब से मल्टी ईयर टैरिफ (MYT) प्रक्रिया के तहत दरों का निर्धारण करना पड़ता है। अडानी पावर के 29 लाख ग्राहक हैं, जबकि टाटा के कुल ग्राहकों की संख्या करीब 7.50 लाख है।

### क्या है पूरी प्रक्रिया?

बिजली आपूर्ति करने वाली कंपनियां अपनी टैरिफ और प्लान जमा करती हैं। उसके प्रस्तावों पर ग्राहकों की आपत्तियां भी ली जाती हैं। इसके बाद अंतिम फैसला होता है। मुंबई में अभी सबसे सस्ती बिजली बेस्ट की है। ऐसे में देखना होगा कि महाराष्ट्र राज्य विद्युत नियामक आयोग (MERC) कितने फीसदी बढ़ोतरी की मंजूरी मिलती है। महाराष्ट्र की नई महायुति सरकार में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के पास है। अब देखना है कि बीएमसी चुनावों से पहले सरकार बिजली को महंगा करने का जोखिम लेती या फिर नहीं। मुंबई और राज्य की दूसरी नगर पालिकाओं के चुनाव गर्मियों में होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

# एकनाथ शिंदे का फोन और देवेंद्र फडणवीस ने निलंबित किए पालकमंत्री पद

**एन. के. पुरोहित । मुंबई**



कुछ दिन पहले ही महाराष्ट्र में सरकार बनी है। महायुति ने विधानसभा चुनावों में भारी बहुमत हासिल किया। फिर मंत्रिमंडल विस्तार भी हुआ। हालांकि असली मुद्दा पालकमंत्री यानी प्रभारी मंत्री का पद था। आखिरकार प्रभारी मंत्रियों की सूची घोषित की गई और अगले ही दिन रायगढ़ और नासिक के प्रभारी मंत्रियों को निलंबित कर दिया गया। रायगढ़ के प्रभारी मंत्री के रूप में अदिति तटकरे के नाम की घोषणा की गई, जबकि नासिक के प्रभारी मंत्री के रूप में गिरीश महाजन के नाम की घोषणा की गई।

### रायगढ़ और नासिक को लेकर तनाव

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इन दोनों नामों को टाल दिया। चर्चा है कि प्रभारी मंत्री पद की घोषणा के बाद एकनाथ शिंदे नाराज हैं। ऐसा कहा जाता है कि एकनाथ शिंदे के कहने पर देवेंद्र फडणवीस ने रायगढ़ और नासिक के प्रभारी मंत्री पद को निलंबित करने का फैसला किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एकनाथ शिंदे ने कल यानी रविवार रात आशीष कुलकर्णी को पहला फोन किया था।

### शिवसेना का बड़ा दावा

आशीष कुलकर्णी बीजेपी और शिवसेना में समन्वयक के रूप में काम करते हैं। तीनों दलों ने संयुक्त रूप से चंद्रशेखर बावनकुले को प्रभारी मंत्री पद पर निर्णय लेने का पूरा अधिकार दिया था। वह तीनों दलों के शीर्ष नेताओं से चर्चा करने के बाद ही कोई निर्णय लेंगे। इस बीच यह निर्णय लिया गया कि नासिक और रायगढ़ के प्रभारी मंत्री पद शिवसेना के पास रहेंगे।

### क्या एकनाथ शिंदे की नाराजगी दूर होगी?

चूंकि रायगढ़ में तीन विधायक हैं, इसलिए रायगढ़ का प्रभारी मंत्री पद भी शिवसेना के पास रहेगा। हालांकि वास्तव में ऐसा नहीं हुआ। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गढ़चिरौली के प्रभारी मंत्री पद अपने पास रखा। जब एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री थे, तो वे गढ़चिरौली का प्रभारी मंत्री पद भी चाहते थे। हालांकि, उस समय उन्हें यह नहीं दिया गया। चंद्रशेखर बावनकुले और गिरीश महाजन आज एकनाथ शिंदे से मुलाकात करेंगे और इस बार वे एकनाथ शिंदे की नाराजगी दूर करने की संभावना है। हालांकि, यह देखा जा सकता है कि संरक्षक मंत्री पद के कारण महायुति के भीतर असंतोष का नाटक चल रहा है।


# रिकॉर्ड निवेश के लिए स्विट्जरलैंड में महाराष्ट्र पवेलियन तैयार



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

स्विट्जरलैंड के दावोस में सोमवार से शुरू हो रहे विश्व आर्थिक मंच के 'शिखर सम्मेलन 2025' के लिए महाराष्ट्र पवेलियन तैयार हो गया है। सम्मेलन में शामिल होने के लिए दावोस पहुंचे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को विश्व आर्थिक मंच के संस्थापक अध्यक्ष क्लॉस श्वाब से मुलाकात की। दावोस में और अगले दो दिन कार्यक्रमों की भरमार रहेगी। इस दौरान विश्वास व्यक्त किया जा रहा है कि महाराष्ट्र के लिए रिकॉर्ड तोड़ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे और विभिन्न कंपनियों के साथ बैठकें भी होंगी। क्लॉस श्वाब को विश्व आर्थिक मंच का संस्थापक कहा जाता है। उन्हीं की पहल पर हर साल विश्व आर्थिक मंच का शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाता है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को श्वाब से मुलाकात की। दोनों की मुलाकात के दौरान हरित ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहनों सहित उद्योग जगत के नए घटनाक्रमों एवं विकास के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर श्वाब ने महाराष्ट्र के विकास की भी कामना की।

# महाराष्ट्र बोर्ड का यू-टर्न



## आलोचना के बाद हॉल टिकट से हटाया जाति कॉलम

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (एमएसबीएसएचएसई) ने कई वर्गों की आलोचना का सामना करने के बाद कक्षा 10वीं और 12वीं के हॉल टिकट से 'जाति श्रेणी' वाला विवादित हिस्सा हटा दिया है। बता दें कि, एमएसबीएसएचएसई की तरफ से आगामी बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने वाले छात्रों के हॉल टिकट पर 'जाति श्रेणी' वाला हिस्सा शुरू करने के बाद विवाद खड़ा हो गया था।

# दिनेश वाघमारे बनेंगे महाराष्ट्र के चुनाव आयुक्त

## सीएम फडणवीस की सिफारिश पर राज्यपाल ने लगाई मुहर

**दीपक पवार । मुंबई**

महाराष्ट्र में मनपा (निकाय) चुनाव के जल्द घोषित होने की संभावना है। इस बीच चुनाव आयोग के संबंध में एक बड़ी जानकारी सामने आई है। राज्य को नया चुनाव आयुक्त मिलने वाला है। अक्टूबर 2024 से यह पद रिक्त है। अब यहां नई नियुक्ति होने जा रही है। अतिरिक्त मुख्य सचिव रैंक के अधिकारी दिनेश वाघमारे राज्य चुनाव आयोग के नए आयुक्त बनेंगे। मिली जानकारी के अनुसार, मंत्रिपरिषद से चयन की शक्ति मिलने के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिनेश वाघमारे को राज्य का नया चुनाव आयुक्त बनाने की सिफारिश राज्यपाल से की थी। सीएम फडणवीस के सुझाव को राज्यपाल ने मंजूरी दे दी है।



### कौन हैं दिनेश वाघमारे?

आईएएस दिनेश वाघमारे भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1994 बैच के अधिकारी हैं। वह 29 वर्षों से भारतीय प्रशासनिक सेवा में कार्यरत हैं। वह राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। उन्होंने पहली बार 1996 में रत्नागिरी जिले के सहायक जिला कलेक्टर का पद संभाला था। वह राज्य के विभिन्न विभागों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। वित्त, भूमि, ऊर्जा आदि विभागों में कई परियोजनाएं उनके नेतृत्व में पूरी हुई हैं।

# तीन बांग्लादेशी महिला गिरफ्तार

## कई सालों से इलाके में रह रही थी तीनों महिलाएं

**डीबीडी संवाददाता । कल्याण**

कल्याण रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने सोमवार को तीन बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इन तीनों महिलाओं से महात्मा फुले पुलिस स्टेशन की टीम पूछताछ कर रही है।



### महात्मा फुले पुलिस कर रही है मामले की जांच

पुलिस के अनुसार, महात्मा फुले पुलिस स्टेशन की टीम को गोपनीय खबर मिली थी कि तीन बांग्लादेशी नागरिक कल्याण स्टेशन पर आने वाले हैं। इसी के आधार पर पुलिस ने कल्याण स्टेशन पर निगरानी रखी थी। जैसे तीन बांग्लादेशी महिलाएं कल्याण स्टेशन पर पहुंची। पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिए और तीनों को महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में लाया। इसके बाद तीनों के सामान और उनके पास के दस्तावेजों की जांच की गई। तीनों के बांग्लादेशी नागरिक होने का कंफर्म हो जाने के बाद पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। इन तीनों की पहचान परवीन शेख, खदीजा शेख और रीमा सरदार के रूप में की गई है। ये बांग्लादेशी महिलाएं भारत कैसे आईं? इन्हें कौन लाया? क्या उनके साथ कोई और भी है? महात्मा फुले पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## आरजी कर रेप-मर्डर केस

# संजय रॉय को जिंदगीभर की जेल

**एजेंसी । कोलकाता**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में 8 अगस्त की रात को ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर के दोषी संजय रॉय को उम्रकैद (मरते दम तक जेल) की सजा सुनाई गई और 50 हजार का जुर्माना लगाया। सियालदह कोर्ट के जज अनिर्बान दास ने सोमवार, दोपहर 2:45 बजे सजा सुनाते हुए कहा, 'यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला नहीं है। मौत की सजा नहीं दी सकती।' कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश दिया कि वह पीड़ित परिवार को 17 लाख रुपए मुआवजा दे। हालांकि परिवार ने इसे लेने से इनकार कर दिया। फैसला सुनाने से पहले दोपहर 12:30 बजे कोर्ट ने दोषी संजय, CBI और पीड़ित परिवार की बातें सुनीं। संजय से कहा- यह बताया जा चुका है कि तुम किन अपराधों के दोषी हो।



- दोषी संजय रॉय को उम्रकैद की सजा
- 50 हजार का जुर्माना भी लगा
- घटना के 164वें दिन सजा

### 18 जनवरी को संजय को दोषी ठहराया

कोर्ट ने 18 जनवरी को संजय को दोषी ठहराया था। घटना के 164वें दिन (20 जनवरी) सजा पर 160 पेज का फैसला सुनाया। CBI और पीड़ित परिवार ने मौत की सजा मांगी थी। संजय का परिवार बोला- भले ही फांसी हो। हम फैसले के खिलाफ अपील नहीं करेंगे। संजय की मां ने कहा कि मैं उस लड़की के मां-बाप का दुख समझती हूं, मेरी भी बेटियां हैं।

### उम्रकैद पर भड़कीं ममता बनर्जी

अदालत के फैसले पर सीएम ममता बनर्जी ने असंतोष जताया। मुर्शिदाबाद में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कोलकाता पुलिस मामले को गहराई से जांच रही थी और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही थी। लेकिन मामले को उनसे जबरन छीन लिया गया। अगर यह मामला कोलकाता पुलिस के पास रहता, तो दोषियों को मौत की सजा मिलना निश्चित था।

## बीएमसी चुनाव

# उद्धव ठाकरे ने शरद पवार से की मुलाकात

**धीरज सिंह । मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बाद बीएमसी और अन्य निकायों के चुनाव की घड़ी भी करीब आ गई है। निकाय चुनाव से पहले महाराष्ट्र के विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी (एमवीए) में मेल-मुलाकातों का दौर शुरू होता दिख रहा है। शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सोमवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख वयोवृद्ध नेता शरद पवार से मुलाकात की। उद्धव सोमवार की दोपहर शरद पवार से मिलने उनके आवास सिल्वर ओक पहुंचे। इस दौरान उनके साथ आदित्य ठाकरे और राज्यसभा सांसद संजय राउत भी थे।



### गठबंधन पर चर्चा

शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे को इस मौके पर वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ पर प्रकाशित पुस्तक के साथ ही 'वानखेड़े' डाक टिकट भी भेंट किया गया। शरद पवार इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के पूर्व चेयरमैन भी हैं। पवार के साथ ही पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर और महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने उद्धव को पुस्तिका और डाक टिकट भेंट किया। हालांकि, बताया जा रहा है कि दो गठबंधन सहयोगियों की इस मुलाकात के दौरान गठबंधन ही चर्चा का केंद्र रहा। शरद पवार और उद्धव ठाकरे ने आगामी निकाय चुनाव को लेकर बात की और इसके लिए एमवीए को मजबूत करने पर भी दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई।

## बदलापुर यौन उत्पीड़न

# पांच पुलिस अफसरों पर चलेगा केस

- **अक्षय शिंदे की मौत की मजिस्ट्रेट जांच पूरी**
- **आरोपी की मौत के लिए पांच पुलिसकर्मी जिम्मेदार**



**मुनीब चौरसिया । मुंबई**

बदलापुर में पिछले साल दो बच्चियों के साथ हुए यौन शोषण की घटना ने देश को झकझोर कर रख दिया था। इसके बाद मुख्य आरोपी अक्षय शिंदे की 23 सितंबर को पुलिस एनकाउंटर में मौत हो गई थी। एनकाउंटर पर ज्यादातर लोगों ने खुशी जाहिर, की लेकिन इस घटना को लेकर मजिस्ट्रेट जांच के आदेश भी दिए गए।

### सरकार ने क्या दी थी दलील?

ठाणे क्राइम ब्रांच ने आरोपी अक्षय शिंदे का 23 सितंबर को शाम करीब 6:15 बजे एनकाउंटर किया था। क्राइम ब्रांच अक्षय को तलोजा जेल से बदलापुर लेकर गई थी। सरकार ने कहा था कि अक्षय ने पुलिस की रिवॉल्वर छीनकर फायर किए थे, सेल्फ डिफेंस में पुलिस ने गोली चलाई। अदालत ने सरकारी वकील हितेन वेनेगांवकर से दो सप्ताह में पीठ को यह बताने को कहा कि कौन सी जांच एजेंसी मामले की जांच करेगी। अक्षय शिंदे (24) को अगस्त 2024 में बदलापुर के एक स्कूल के शौचालय के अंदर दो नाबालिग लड़कियों का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वह स्कूल में अटेंडेंट था।

### वैन में मौजूद पांच पुलिसकर्मी जिम्मेदार : कोर्ट

मजिस्ट्रेट जांच को बंद लिफाफों में बॉम्बे हाईकोर्ट में पेश किया गया। इसके बाद बॉम्बे हाईकोर्ट में जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस नीला गोखले की डिवीजन बेंच ने कहा कि इस एनकाउंटर के लिए वैन में मौजूद 5 पुलिसकर्मी जिम्मेदार थे। इन पांचों पर FIR दर्ज की जाए। सरकार हमें 2 हफ्ते में बताए कि इन पांचों के खिलाफ कौन सी जांच करेगी। अदालत ने कहा, 'मजिस्ट्रेट ने जांच की है और अपनी रिपोर्ट सौंपी है। रिपोर्ट में मजिस्ट्रेट ने निष्कर्ष निकाला है कि आरोपी अक्षय शिंदे की मौत के लिए पांच पुलिसकर्मी जिम्मेदार हैं।'

### बदलापुर मामला : विपक्षी नेताओं ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की

महाराष्ट्र में विपक्षी दलों के नेताओं नाना पटोले, अनिल देशमुख और आदित्य ठाकरे ने बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे की मौत के मामले में सोमवार को कार्रवाई की मांग की।

# वीकेंड में वेस्टर्न रेलवे की 275 लोकल ट्रेन सेवाएं रद्द

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे की ओर से 24-25 और 25-26 जनवरी की रात में माहिम और बांद्रा स्टेशनों के बीच मीठी नदी पुल पर काम के कारण 275 लोकल ट्रेन सेवाएं रद्द की जाएंगी। इसके अलावा 150 ट्रेन सेवाएं आंशिक रूप से रद्द रहेंगी। यह ब्लॉक रात 11 बजे से सुबह 8:30 बजे तक चलेगा। इससे लंबी दूरी की ट्रेनें भी प्रभावित होंगी।

### कितनी ट्रेन हैं रद्द

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने बताया कि शुक्रवार/शनिवार (24-25 जनवरी) को 127 ट्रेन सेवाएं रद्द रहेंगी और 60 सेवाएं आंशिक रूप से रद्द होंगी। शनिवार/रविवार (25-26 जनवरी) को 150 सेवाएं रद्द और 90 सेवाएं आंशिक रूप से रद्द रहेंगी।



### ब्रिज नंबर 20 का पुनर्निर्माण

1888 में निर्मित लोहे के स्क्रू पाइल रेल पुल को कंक्रीट के खंभों से बदला जाएगा। पश्चिम रेलवे के इंजीनियर इस पुल के दक्षिणी सिरे का पुनर्निर्माण करेंगे। 24-25 जनवरी की रात को अप और डाउन स्लो लाइनों पर रात 11 बजे से सुबह 8:30 बजे तक और डाउन फास्ट लाइन पर रात 12:30 बजे से सुबह 6:30 बजे तक ब्लॉक रहेगा। 25-26 जनवरी को अप और डाउन स्लो तथा डाउन फास्ट लाइनों पर रात 11 बजे से सुबह 8:30 बजे तक और अप फास्ट लाइन पर रात 11 बजे से सुबह 7:30 बजे तक ब्लॉक रहेगा।

### रद्द की गई लंबी दूरी की ट्रेनें

- ट्रेन संख्या 12267 मुंबई सेंट्रल - हापा दूरंतो एक्सप्रेस (25 जनवरी)
- ट्रेन संख्या 12268 हापा - मुंबई सेंट्रल दूरंतो एक्सप्रेस (26 जनवरी)
- ट्रेन संख्या 12227 मुंबई सेंट्रल - इंदौर दूरंतो एक्सप्रेस (25 जनवरी)
- ट्रेन संख्या 12228 इंदौर - मुंबई सेंट्रल दूरंतो एक्सप्रेस (26 जनवरी) मिठी नदी पुल (ब्रिज नंबर 20) यह पुल मिठी नदी पर स्थित है। इसके नीचे स्लो और फास्ट रेल लाइनों के लिए आठ खंभे हैं, जो पूर्व से पश्चिम की ओर जाते हैं। प्रत्येक खंभा कास्ट आयरन से बना है, जिनका वजन 8-10 टन है और वे 15-20 मीटर गहराई तक जाते हैं। खंभे 50 मिमी मोटाई के हैं और 2 फीट (600 मिमी) व्यास के हैं।

### सेवाओं में बदलाव

- रात 11 बजे के बाद चर्चगेट से विरार जाने वाली स्लो ट्रेनें मुंबई सेंट्रल और सांताक्रूज के बीच फास्ट लाइन पर चलेंगी और माहीम, माटुंगा रोड, प्रभादेवी, लोअर परेल, महालक्ष्मी और खार रोड स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी।
- इसी प्रकार, विरार, भयंदर और बोरिवली से चलने वाली स्लो ट्रेनें सांताक्रूज और मुंबई सेंट्रल के बीच फास्ट लाइन पर चलेंगी।
- चर्चगेट और दादर के बीच सेवाएं फास्ट लाइनों पर संचालित की जाएंगी।
- गोरेगांव और बांद्रा के बीच कुछ सेवाएं हार्बर लाइनों पर चलाई जाएंगी।
- सुबह की ट्रेन सेवाएं विरार, नालासोपारा, वसई रोड, भाइन्दर और बोरिवली से अंधेरी

### पुनर्निर्माण कार्य

- पुल के पूर्व और पश्चिम हिस्सों में पानी को रोकने के लिए कॉफरडैम लगाए गए हैं।
- जमा पानी को पंप से बाहर निकाला जा रहा है, ताकि लोहे के खंभों को तोड़कर नए खंभों का निर्माण किया जा सके।
- यह कार्य सुरक्षा कारणों से किया जा रहा है।

# आशीष शेलार ने उद्धव ठाकरे को दी चुनौती

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले को लेकर शिवसेना (यूबीटी) ने देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधा था और लोगों एवं मशहूर हस्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की उसकी क्षमता पर सवाल उठाया था। इसके बाद भाजपा नेता और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री आशीष शेलार ने शिवसेना (यूबीटी) पर पलटवार करते हुए उद्धव ठाकरे को चुनौती दे दी है। पिछले सप्ताह अभिनेता सैफ अली खान के बांद्रा स्थित आवास पर चाकू से हमले के आरोप में कथित तौर पर एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किए जाने के बाद मंत्री आशीष शेलार ने शिवसेना (यूबीटी) निशाना साधा है।

### शिवसेना (यूबीटी) पर पाखंड करने का लगाया आरोप



महाराष्ट्र के मंत्री आशीष शेलार ने सोमवार को अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के संदर्भ में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) पर बांग्लादेशियों के अवैध प्रवास को लेकर राजनीतिक लाभ के लिए 'पाखंड' करने का आरोप लगाया। भारतीय जनता पार्टी की मुंबई इकाई के प्रमुख शेलार ने उद्धव ठाकरे को चुनौती दी कि वह बांग्लादेशियों की घुसपैठ और सीमा पर बीएसएफ की तैनाती के विरोध को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से सवाल पूछकर दिखाएं।

### ममता बनर्जी करती है बीएसएफ की तैनाती का विरोध

मंत्री शेलार ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि "भाजपा शासित असम और त्रिपुरा जैसे राज्यों में बांग्लादेशी नागरिकों की घुसपैठ नहीं होती है। यह ममता दीदी के पश्चिम बंगाल में हो रहा है। उद्धव ठाकरे ने इस घुसपैठ के बारे में उनसे क्यों नहीं पूछा? वह अपने राज्य में सीमा सुरक्षा बल (BSF) की तैनाती का विरोध करती हैं।"

## खबर संक्षेप

### श्री रामचरण पंडित मेमोरियल बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 सम्पन्न

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर




कल्याण के एम. अग्रवाल कॉलेज में तीन दिवसीय श्री रामचरण (सुंदर) पंडित मेमोरियल बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 का सफल आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। स्वर्गीय रामचरण (सुंदर) पंडित की स्मृति में इस टूर्नामेंट का आयोजन 2009 से हो रहा है। स्व. पंडित 1967 से लगातार दो बार कल्याण नगरपालिका के नगरसेवक रहे और नगरपालिका के उपाध्यक्ष समेत विभिन्न समितियों के अध्यक्ष भी रहे। वे एक उत्कृष्ट कबड्डी खिलाड़ी और वेटलिफ्टिंग चैंपियन थे। ॐ कबड्डी संघ के संस्थापक और विभिन्न शैक्षणिक व सामाजिक संस्थाओं से जुड़े स्व. पंडित के खेल योगदान को सम्मानित करने के लिए यह टूर्नामेंट आयोजित किया जाता है।

### लाखों की रिश्वत मांगने के आरोप में दो नगर निगम अधिकारी गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने ठाणे जिले में एक व्यक्ति से उसका घर न तोड़ने के बदले 1.3 लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में दो नगर निगम अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। एसीबी ने भिवंडी निजामपुर नगर निगम (बीएनएमसी) के बीट इंस्पेक्टर और सहायक आयुक्त को भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत पकड़ा। दोनों ने पहले 1.5 लाख रुपये की मांग की थी, लेकिन बाद में रकम घटाकर 1.3 लाख रुपये कर दी थी। एसीबी ने जाल बिछाकर बीट इंस्पेक्टर को 50,000 रुपये की पहली किस्त लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा।

### फिल्मी हस्तियों की रेकी करता था आरोपी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद को लेकर नए-नए खुलासे हो रहे हैं। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह बांग्लादेश में कुश्ती का खिलाड़ी था। आरोपी के अनुसार वह जिला के साथ ही नेशनल स्तर पर भी कुश्ती लड़ चुका है। आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद ने पुलिस को बताया की वो बांग्लादेश में कुश्ती का खिलाड़ी था और कम भार वर्ग में कुश्ती खेलता था। आरोपी जिला स्तर और नेशनल चैंपियनशिप में अपना दम खम दिखाता था। कुश्ती का खिलाड़ी होने की वजह से वह सैफ अली खान पर हमला करने में कामयाब रहा। आरोपी शहजाद को लेकर मुंबई क्राइम ब्रांच ने यह भी बताया कि सैफ पर हमले के बाद उसने 3 से 4 बार अपने कपड़े बदले थे। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी लगातार घूम रहा था। वह बांद्रा स्टेशन गया। वहां से दादर,वर्ली, अंधेरी और फिर ठाणे चला गया।क्राइम ब्रांच के अनुसार आरोपी शहजाद पिछले साल सितंबर महीने में मुंबई आया था।

### मुंबई पुलिस ने बम की धमकी देने वाले शख्स को धारावी से पकड़ा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई पुलिस ने बम विस्फोट की धमकी देने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। यह धमकी शुक्रवार को आई थी जिसमें मुंबई के धारावी इलाके में बम होने की बात कही गई थी। पुलिस ने धमकी देने वाले शख्स को धारावी से ही पकड़ा है। वह पहले भी इसी तरह की धमकी दे चुका है। पूरा मामला गत शुक्रवार, 17 जनवरी का है। दोपहर को धारावी पुलिस स्टेशन के डे शिफ्ट अधिकारी को कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि एक अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया है जिसमें कहा गया है कि धारावी के राजीव गांधी नगर में बम रखा गया है। इसके बाद टेक्निकल टीम की मदद से उस व्यक्ति की तलाश शुरू की गई। यह व्यक्ति धारावी इलाके में ही पाया गया। इस व्यक्ति का नाम नरेंद्र गणपत कवले जिसकी उम्र 42 साल है। यह राजीव गांधी नगर, धारावी बस डिपो के सामने में रहता है। जब नरेंद्र गणपत के रिकॉर्ड की जांच की गई तो पता चला कि उसके द्वारा दी गई धमकी के आधार पर आजाद मैदान, ठाणे में धारा 501(1), 506(2), 182 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया था। इससे पहले भी उसने इसी तरह से बम विस्फोट की धमकी दी थी।

# ठगी करने वाले प्रेमी गिरोह का भंडाफोड़

## ठाणे की महिला से ऐंठे 13.54 लाख तो यूपी पहुंची पुलिस

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के एक मामले की जांच करते हुए उत्तर प्रदेश में अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया। ठाणे पुलिस एक महिला द्वारा दर्ज साइबर ठगी के मामले की जांच कर रही थी। इस दौरान जांच का दायरा बढ़ता गया और उत्तर प्रदेश में चल रहे अवैध कॉल सेंटर तक पहुंच गया। ठाणे पुलिस ने उत्तर प्रदेश में अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए लखनऊ-बाराबंकी राजमार्ग पर कार का पीछा करने के बाद मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने संदिग्ध के पास से 9 लैपटॉप, राउटर और मोबाइल फोन बरामद किए। संदिग्ध को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे 22 जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

### मुंब्रा की निवासी है महिला




जोन-प्रथम के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सुभाष बरसे ने बताया कि ठाणे जिले की मुंब्रा निवासी एक महिला ने पिछले साल अक्टूबर में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि एक व्यक्ति ने शादी से संबंधित वेबसाइट के जरिए उससे 13.54 लाख रुपये ठग लिए।

### आरोपी गिरफ्तार, वाहन जब्त

जब संदिग्ध को पुलिस की मौजूदगी का आभास हुआ, तो उसने अपनी एसयूवी गाड़ी से भागने का प्रयास किया, जिसके बाद लखनऊ-बाराबंकी राजमार्ग पर पुलिस ने उसका पीछा किया। 6 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया और उसका वाहन जब्त कर लिया।

### फर्जी प्रोफइल बनाकर खुद को बताया हीरे का व्यापारी

डीसीपी बरसे ने बताया कि ''उस व्यक्ति ने एक फर्जी प्रोफाइल बनाई और खुद को अमेरिका में रहने वाला हीरे एवं आभूषण का एक सफल व्यापारी बताया। समय के साथ उसने पीड़िता का विश्वास जीत लिया और एक दुर्घटना के बहाने से इमरजेंसी रुपए देने समेत अन्य बहानों से बड़ी रकम देने के लिए पीड़िता को राजी कर लिया था।"

### मास्टरमाइंड तक ऐसे पहुंची पुलिस

डिजिटल जानकारी के जरिए पुलिस भोपाल के 24 वर्षीय सैलून संचालक जैद फुल खान तक पहुंची। उसने लखनऊ के व्यवसायी एजाज अहमद इम्तियाज अहमद नाम के कथित मास्टरमाइंड के बारे में सारी बातें बताईं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 12 वर्षीय चाय के एक विक्रेता से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने अवैध कॉल सेंटर का पता लगाया।

# उल्हासनगर परिवहन विभाग को जल्द ही मिलेगी 100 ई-बसें

सुरेश चौहान | उल्हासनगर

उल्हासनगर मनपा की ई-बस सेवा को नागरिकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है, और अब यह उल्हासनगर, कल्याण, अंबरनाथ और बदलापुर शहरों के बीच वातानुकूलित सेवा प्रदान कर रही है। प्रशासन का उद्देश्य अच्छी गुणवत्ता वाली परिवहन सेवाएं प्रदान करना है, और इसी दिशा में 100 नई ई-बसें जल्द ही शहर में शामिल की जाएंगी।



### ई-बस चालक और कंडक्टरों को मिलेगा प्रशिक्षण

मनपा का कहना है कि ई-बस चालकों और कंडक्टरों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि दुर्घटनाओं की संख्या को कम किया जा सके और गुणवत्तापूर्ण सेवा सुनिश्चित की जा सके। यह कदम उल्हासनगर मनपा की ओर से शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए उठाया गया है।

### ई-बसों की सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल सेवा

ई-बस सेवा को सुरक्षित, पर्यावरण अनुकूल और आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने कंडक्टरों, ड्राइवरों और अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इसका मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं की संख्या को कम करना, यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करना और राजस्व वृद्धि को बढ़ावा देना था। मनपा ने पहले ही डीएचए ई-बस पहल के तहत कुछ ई-बसें शुरू की हैं, और अब 100 नई ई-बसें लाने की योजना बनाई है।

### प्रशिक्षण सत्र और समृद्ध भविष्य

प्रशिक्षण सत्र स्थायी समिति हॉल में अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर के नेतृत्व में शुरू हुआ। इस कार्यक्रम में उपायुक्त अजय साबले, विनोद केणी (परिवहन विभाग प्रमुख), दत्तात्रय शिरासत (आगार प्रबंधक), और उषा माउले (परिवहन विभाग अधीक्षक) सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर कल्याण-डोंबिवली मनपा, भिवंडी-निजामपुर महानगर पालिका, अंबरनाथ नगर परिषद, और कुलगांव-बदलापुर नगर परिषद के अधिकारी भी मौजूद थे।

### ई-बस परियोजना के लाभ

मनपा जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगले ने कहा कि इस ई-बस परियोजना से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और शहर की परिवहन प्रणाली में बदलाव आएगा। उन्होंने यह भी आशा व्यक्त की कि प्रशिक्षण से ड्राइवर और वाहक अधिक जिम्मेदार बनेंगे, दुर्घटनाओं की संख्या कम होगी और मनपा परिवहन विभाग को वित्तीय लाभ होगा।

# सोनारपाडा में बैल लड़ाई

## तीन बैल मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज

डीबीडी संवाददाता | कल्याण



डोंबिवली के पास सोनारपाडा में रविवार सुबह बैलों के बीच कराई गई भयंकर लड़ाई के मामले में पुलिस ने तीन बैल मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के उल्लंघन के तहत की गई है।

### मामले की जानकारी

यह घटना सोनारपाडा के क्रिकेट मैदान पर हुई, जहां बैल लड़ाई का आयोजन किया गया था। बड़ी संख्या में लोग इस लड़ाई को देखने के लिए इकट्ठा हुए थे। बैल मालिकों ने अपने बैलों को जीत दिलाने के लिए पूरा जोर लगाया, जिससे लड़ाई और भी उग्र हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद, पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे ने मामले को गंभीरता से लिया और मानपाडा पुलिस थाने को कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### कार्रवाई और आरोपित

पुलिस ने इस मामले में अम्बरनाथ तालुका के काकडवाल गांव के निवासी रोशन दलवी, गणेश सालवी और बारक्या मढवी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अन्य आरोपी कल्याण पश्चिम के सापर्डे गांव का निवासी है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय कादबाने के अनुसार, बैल मालिकों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है, और अन्य संभावित आरोपियों की जांच जारी है।

# 62 हजार का गांजा और एमडी पाउडर जब्त

### कल्याण में नशामुक्ति अभियान के तहत एक्शन

सुशील सिंह | कल्याण

कल्याण पश्चिम में पुलिस का नशामुक्ति अभियान लगातार जारी है। इस अभियान के तहत, पुलिस उपायुक्त की विशेष नारकोटिक्स विरोधी टीम ने दुर्गाडी किला क्षेत्र और गांधारी पुल से तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे ने कल्याण और डोंबिवली शहर को नशामुक्त और गैरकृत्य से मुक्त करने का संकल्प लिया है। इसके लिए उन्होंने रामनगर, विष्णुनगर, खडकपाडा, बाजारपेठ, टिळकनगर, कोळसेवाडी और महात्मा फुले पुलिस थाने की पुलिस व्यवस्था को सक्रिय किया है। पिछले चार वर्षों में पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार की कार्रवाई न किए जाने के कारण, गैरकृत्य और बदमाशों का बोलबाला बढ़ गया था, जिसे समाप्त करने के लिए पुलिस उपायुक्त झेंडे ने यह विशेष अभियान शुरू किया।




मुंबई जीपीओ बिल्डिंग के दूसरी मंजिल, पर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में कल 22 जनवरी 2025 - 25 जनवरी 2025 को होने वाले कार्यक्रम महापेक्स-2025,के बारे में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। एक भव्य सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रम, महाराष्ट्र की विविध और समृद्ध विरासत, संस्कृति और प्रगति का जश्न मनाने के लिए तैयार है।यह कार्यक्रम 4 दिनों तक चलेगा।

### तीन गिरफ्तारियाँ और 62 हजार रुपये का गांजा जब्त



शनिवार को, दुर्गाडी किला क्षेत्र में पुलिस ने सीएनजी पंप के पास नशे के पदार्थों की बिक्री की सूचना मिलने पर जाल बिछाया। पुलिस ने दो संदिग्ध व्यक्तियों नितीन हिम्मतभाई ओझा (52, निवासी भिवंडी) और परवीन फिरोज शेख (निवासी भिवंडी) को गिरफ्तार किया। उनके पास से 2180 ग्राम गांजा, जिसकी कीमत लगभग 32 हजार रुपये थी, जब्त की गई। इस मामले में खडकपाडा पुलिस थाने में नारकोटिक्स प्रतिबंध कानून के तहत मामला दर्ज किया गया।

### एमडी पाउडर की बरामदगी

इस दौरान, गांधारी पुल क्षेत्र में पुलिस ने जाफर मनोज इरानी नामक एक व्यक्ति को पकड़ा, जिसके पास से 10 ग्राम मेफेड्रोन (एम.डी.) पाउडर बरामद हुआ। जाफर आंबिवली के इरानी बस्ती का निवासी है और उसके खिलाफ भी खडकपाडा पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया।

### नशामुक्ति अभियान की सफलता

यह कार्रवाई पुलिस निरीक्षक शिवले, गायकवाड, उपनिरीक्षक चव्हाण, हवालदार कसबे, जादव और सोनवणे की टीम द्वारा की गई। पुलिस उपायुक्त झेंडे ने कहा कि नशामुक्ति अभियान जारी रहेगा और नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# केडीएमसी स्कूलों का सुरक्षा होगी चाक चौबंद

### 502 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे

सुशील सिंह | कल्याण

विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका के 61 स्कूलों में 502 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। यह महत्वपूर्ण कदम महानगरपालिका आयुक्त डॉ. इंदू रानी जाखड़ के निर्देशानुसार उठाया गया है। इस परियोजना को फरवरी 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।



### सुरक्षा के लिए बड़ा फैसला

21 अगस्त 2024 को जारी शासनादेश के तहत सभी निजी, सरकारी, और स्थानीय संस्थानों के स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य किया गया था। इसके तहत महानगरपालिका ने सभी प्रशासनिक प्रक्रियाएँ पूरी कर इस कार्य की शुरुआत कर दी है।

### कैसे काम करेगी नई प्रणाली ?

प्रत्येक स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज नियमित रूप से जांची जाएगी। मुख्याध्यापकों को सप्ताह में कम से कम तीन बार फुटेज देखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचित करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा, मुख्याध्यापक के कार्यालय में मॉनिटर लगाए जाएंगे, जिससे लाइव फुटेज की निगरानी की जा सके।

### सुरक्षा को प्राथमिकता

502 सीसीटीवी कैमरों की स्थापना से न केवल छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी बल्कि अभिभावकों को भी भरोसा मिलेगा। इस पहल का उद्देश्य स्कूलों को अधिक सुरक्षित बनाना और विद्यार्थियों को भयमुक्त वातावरण प्रदान करना है। महानगरपालिका की इस पहल को व्यापक सराहना मिल रही है। स्थानीय प्रशासन और अभिभावक इस कदम को विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए एक मील का पत्थर मान रहे हैं। इससे न केवल स्कूलों में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि विद्यार्थियों और अभिभावकों का भरोसा भी बढ़ेगा।

# टीएमसी में मराठी भाषा संरक्षण के लिए पुस्तक मेला आयोजित

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

मराठी भाषा संरक्षण पखवाड़े के तहत ठाणे नगर निगम (टीएमसी) ने सोमवार को एक पुस्तक मेले का आयोजन किया। इस आयोजन में नगर निगम स्कूलों के विद्यार्थियों, अधिकारियों, और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुस्तक मेले के बाद, मनपा आयुक्त सौरभ राव ने स्व. नरेंद्र बल्लाल ऑडिटोरियम में आयोजित पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

### आयोजन की शुरुआत नगरपालिका मुख्यालय के प्रांगण में हुई



'म' मराठी की थीम पर आधारित इस आयोजन की शुरुआत नगरपालिका मुख्यालय के प्रांगण में हुई। 'मीठा बोलो, मराठी बोलो', 'मेरी भाषा, मराठी भाषा', और 'मेरी मराठी, मेरी शान' जैसे नारों से माहौल जीवंत हो उठा। सभी ने मराठी भाषा के प्रति सम्मान और गर्व व्यक्त किया। कार्यक्रम में पारंपरिक पोशाक में नगरपालिका अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए, जबकि स्कूलों के बच्चों ने लेज़िम और ढोल-नगाड़ों की धुनों पर अनुशासित प्रस्तुतियां दीं। नगर निगम मुख्यालय के सामने से शुरू होकर परमार्थ निकेतन और ज्ञानराज मंदिर तक निकले जुलूस में, फूलों से सजी पालकी में वी. ज्ञानेश्वरी और भारत के संविधान को प्रतिष्ठित किया गया। इस अवसर पर ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता लेखकों जैसे विंदा करंदीकर, भालचंद्र नेमाड़े, और अन्य मराठी साहित्यकारों की रचनाओं को प्रदर्शित किया गया।

### पुस्तक प्रदर्शनी और बिक्री

यह आयोजन मराठी भाषा के संरक्षण और प्रचार के उद्देश्य से किया गया है। पुस्तक मेला और पुस्तक प्रदर्शनी मंगलवार, 21 जनवरी तक जारी रहेगी, जिसमें मराठी साहित्य को सुलभ बनाने के लिए पुस्तकें बिक्री के लिए भी उपलब्ध हैं।

# शरद पवार से उद्धव ने की मुलाकात

## स्थानीय चुनावों को लेकर एमवीए में कलह के बीच हुआ मंथन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने को लेकर विपक्षी महा विकास अघाड़ी गठबंधन के बीच मतभेदों के बीच शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे ने सोमवार को मुंबई में एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की है। मामले में पार्टी सूत्रों ने बताया कि उद्धव ठाकरे ने दक्षिण मुंबई में सिल्वर ओक में मौजूद पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार के आवास पर गए और उनसे एक घंटे से अधिक समय तक मुलाकात की।



### एमवीए में कलह को सुलझाने के प्रयास में शरद पवार

जानकारी के मुताबिक, विपक्षी गठबंधन के निर्माता शरद पवार ने एमवीए के भीतर उथल-पुथल को शांत करने के लिए कदम उठाया है और हाल ही में कहा कि वह आगामी स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने पर चर्चा करने के लिए गठबंधन के तीन घटकों की बैठक बुलाएंगे। शिवसेना (यूबीटी) ने घोषणा की है कि वह स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ेगी।

### 'स्थानीय स्तर पर चुनाव लड़ने के लिए गठबंधन में चर्चा नहीं'

शरद पवार ने हाल ही में बताया कि केंद्र में इंडिया गठबंधन और महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी का जनादेश क्रमश: राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर एक साथ चुनाव लड़ना है, न कि स्थानीय स्तर पर। शरद पवार ने कहा था, 'हमने कभी भी स्थानीय स्वशासन स्तर पर एक साथ चुनाव लड़ने पर चर्चा या सुझाव नहीं दिया है।' राजनीतिक सहयोगी पारंपरिक रूप से स्थानीय चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ते हैं, लेकिन सेना (यूबीटी) के फैसले ने एमवीए की व्यवहार्यता के बारे में अटकलें शुरू कर दी हैं, जिसमें सेना (यूबीटी), एनसीपी (एसपी) और कांग्रेस शामिल हैं।

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एमवीए को मिली करारी हार

बता दें कि, पिछले साल नवंबर महीने में हुए राज्य विधानसभा चुनाव में कांग्रेस, शिवसेना यूबीटी और शरद पवार की एनसीपी एसपी से मिलकर बने महा विकास अघाड़ी गठबंधन को करारी हार का सामना करना पड़ा था। राज्य के 288 विधानसभा सीटों में से मात्र 46 सीटों पर ही जीत हासिल कर सकी थी। इसमें उद्धव ठाकरे की शिवसेना यूबीटी ने 20, कांग्रेस ने 16 और शरद पवार की एनसीपी-एसपी को सिर्फ 10 ही विधानसभा सीटों पर जीत मिली थी।

# सांप्रदायिकता फैलाने वालों को बर्दाश्त नहीं करेंगे: अजित पवार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) धर्मनिरपेक्ष राजनीति में भरोसा करती है और राज्य में सांप्रदायिकता फैलाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र हमेशा प्रगतिशील विचार और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक रहा है। राकांपा एकता और धर्मनिरपेक्षता के लिए खड़ी है।



### 'दागी या खराब छवि वाले लोग राकांपा में नहीं होंगे शामिल'

जालना में राकांपा के जिला कार्यालय का उद्घाटन करते वक्त अजित पवार ने कहा, हम ऐसे किसी भी व्यक्ति को बर्दाश्त नहीं करेंगे जो विभिन्न समुदायों में नफरत फैलाए और बांटने की राजनीति करे। उन्होंने कहा कि राकांपा में खराब छवि वाले या दागी लोगों को शामिल नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं पार्टी सदस्यों से आग्रह करता हूं कि वे हमारी पार्टी में दागी लोगों को शामिल न करें।

### विपक्षी दलों पर साधा निशाना

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर उन्होंने विपक्षी पर दोहरे रुख का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, जब विपक्ष दल कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में चुनाव जीतते हैं तो ईवीएम की तारीफ करते हैं, लेकिन जब हारते हैं तो उन्हीं मशीनों पर आरोप लगाते हैं। पवार ने राकांपा कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे स्थानीय निकाय चुनावों के लिए तैयार रहें।

### माझी लड़की बहिन योजना को लेकर कही ये बात

इसके अलावा, अजित पवार ने 'माझी लड़की बहिन योजना' के लिए जो महिलाएं पात्र नहीं हैं, उनसे अपील की कि वे स्वेच्छा से योजना का लाभ छोड़ दें। उन्होंने कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से पिछड़ी महिलाओं के लिए है। पवार ने कहा, जो लोग आयकर का भुगतान करते हैं, वे भी इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। उन्हें स्वेच्छा से इस लाभ को छोड़ देना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि पात्र लाभार्थियों को अगले महीने से उनके मासिक भत्ते मिलेंगे।

# प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति पर रोक से उठे सवाल



### संजय राउत बोले- यह महायुति में कलह का संकेत

**रायगढ़।** महाराष्ट्र में नासिक और रायगढ़ में प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति अचानक रोके जाने पर विपक्ष ने सवाल उठाए हैं। शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि महायुति सरकार का प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति में अचानक बदलाव करना गठबंधन में कलह का संकेत है। राउत ने कहा कि सरकार आंतरिक गतिरोध को संभालने में विफल रही है। प्रभारी मंत्रियों को जिलों के आवंटन पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का गुस्सा स्पष्ट है। अब उनके अधिकार पर सवाल उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गठबंधन में बढ़ती कलह से सत्ता की गतिशीलता में बदलाव आ सकता है। हालांकि उन्होंने एकनाथ शिंदे की जगह औद्योगिक मंत्री और शिवसेना नेता उदय सामंत को तैयार किए जाने की संभावना जताई। संजय राउत ने कहा कि ऐसा लगता है कि उदय सामंत को शिंदे की जगह तैयार किया जा रहा है। अगर शिंदे अपने मंत्रियों को नियंत्रित नहीं कर सकते हैं तो वह कैसे नेतृत्व कर सकते हैं।

### एक दिन बाद ही रोकी नियुक्ति

महाराष्ट्र सरकार ने शनिवार को 36 जिलों के प्रभारी मंत्री नियुक्ति किए थे। इनमें एनसीपी की अदिति तटकरे को रायगढ़ और भाजपा नेता गिरीश महाजन को नासिक का प्रभारी मंत्री बनाया गया था। इसके अगले ही दिन रायगढ़ और नासिक में प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति रोकने का आदेश जारी किया गया। इसे लेकर ऐसा लगा कि महायुति गठबंधन में एकमत नहीं है। इस मामले में संजय राउत ने महायुति सरकार को घेरा।

# 'अवैध बांग्लादेशियों को ढूंढने के लिए होगा सर्वेक्षण'



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री संजय शिरसाट ने सोमवार को बताया कि छत्रपति संभाजीनगर में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों का पता लगाने के लिए जिला, नागरिक अधिकारियों और पुलिस की मदद से एक सर्वेक्षण किया जाएगा। उन्होंने छत्रपति संभाजीनगर में पत्रकारों से बात की। संजय शिरसाट जिले के प्रभारी मंत्री भी हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी बिना आधार कार्ड और अन्य अवैध दस्तावेजों के साथ रहने वाले बांग्लादेशी नागरिकों को ढूंढ निकालेंगे। इसके साथ उन्होंने कहा कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। संजय शिरसाट ने कहा कि अगले हफ्ते पुलिस आयुक्त, पुलिस अधीक्षक, नगर निगम आयुक्त और जिला कलेक्टर के साथ बैठक जाएगी और ऐसे बांग्लादेशी नागरिकों को ढूंढने के लिए सर्वेक्षण किया जाएगा। रायगढ़ और नासिक के लिए संरक्षक मंत्रियों की नियुक्ति पर रोक के बारे में पूछे जाने पर राज्य मंत्री ने कहा कि कुछ मंत्री इन आवंटनों से नाखुश थे और उन्होंने इसे लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से शिकायत की थी।

# पार्टी और सरकार को बचाना मेरा कर्तव्य : शिवकुमार

**मुंबई/बेंगलुरू।** कर्नाटक में कांग्रेस में अंदरूनी कलह की खबरों के बीच राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सोमवार को कहा कि उनका कर्तव्य पार्टी और सरकार को बचाना है। उन्होंने कहा, 'मेरा पहला कर्तव्य कार्यकर्ताओं की सुरक्षा करना है। मैं अपना काम कर रहा हूं। मीडिया में कोई आपको जो झूठ बोल रहा है, उस पर विश्वास न करें।' जब उनसे पूछा गया कि क्या कांग्रेस पार्टी में कोई विद्रोह या आंतरिक कलह है, तो उन्होंने कहा, 'कोई विद्रोह नहीं है। किसी के साथ कोई व्यक्तिगत मतभेद नहीं है। मैं ऐसा अध्यक्ष हूं जो सभी को समान मानता है, मेरे लिए सभी एक समान हैं। मुझे सभी के साथ समान व्यवहार करना चाहिए।'



### 'मेरी मुलाकात पर अलग स्टोरी बनाई गई'

डीके शिवकुमार ने आगे कहा, फिरोज सेठ पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। उन्होंने विधायक के तौर पर मेरे साथ काम किया है। बेलगाम में सम्मेलन चल रहा है। उन्हें इस सम्मेलन की समिति का सदस्य बनाया गया है। संगठन के लिहाज से मैं जिला अध्यक्ष से मिलने गया था। हालांकि, मीडिया ने कुछ और ही रिपोर्ट कर दी। उन्होंने कहा, 'मीडिया को यह मानकर अपनी गरिमा को खराब नहीं करना चाहिए कि किसी ने कोई स्टोरी प्लांट की है।'

### 'राहुल गांधी से मंत्रियों की शिकायत गलत जानकारी'

कुछ मंत्रियों की तरफ से राहुल गांधी से शिकायत किए जाने के बारे में पूछे जाने पर कि रणदीप सुरजेवाला को कर्नाटक के प्रभारी महासचिव पद से हटा दिया जाना चाहिए, उन्होंने कहा, 'कोई गलत जानकारी देकर मीडिया की गरिमा को खराब कर रहा है। मैं रविवार को एक वरिष्ठ विधायक के घर गया था। कुछ टीवी मीडिया ने एक नई कहानी बनाई थी कि उनका किसी से झगड़ा हुआ था।

**पश्चिम रेलवे**

**ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मर का पुनर्वास**

एडीईई/टीआरडी/बीएल **ई-टेंडर सूचना संख्या: ईएल-टीआरडी-डब्लू-118-24-25-15-आर दिनांक 17.01.2025 आमंत्रित करता है; कार्य का नाम:** मुंबई डिवीजन के विरार-सूरत सेक्शन में वेदचा ट्रैक्शन सबस्टेशन पर 21.6/30.5एमवीए 132केवी/27केवी ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मर का पुनर्वास; **कार्य की अनुमानित लागत:** 1,21,52,627/-; बयाना राशि: 2,10,800/-; **जमा करने की तिथि और समय:** 11/02/2025, 15:00 बजे तक; **खुलने की तिथि और समय:** 11/02/2025 को 15:30 बजे; अधिक जानकारी के लिए कृपया www.ireps.gov.in पर जाएं

0987

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**ट्रैक रिलेइंग ट्रेन कार्य**

**वरिष्ठ DEN (दक्षिण) मुंबई सेंट्रल निविदा सूचना संख्या: BCT/24-25/262 दिनांक 17/01/2025 आमंत्रित करता है; कार्य और स्थान:** चर्चगेट - विरार सेक्शन - TSR (P) 65.ट्रे Tkms और TSR (P) - 63.968 टीकेएम TRT (ट्रैक रिलेइंग ट्रेन) द्वारा वरिष्ठ DEN (S) मुंबई सेंट्रल सेक्शन के अंतर्गत; **कार्य की अनुमानित लागत:** 13,61,08,593.97; **EMD:** 8,30,600.00; **जमा करने की तिथि और समय:** 11/02/2025, 15:00 बजे तक; **खुलने की तिथि और समय:** 11/02/2025 को 15:30 बजे; अधिक जानकारी के लिए कृपया www.ireps.gov.in पर जाएँ।

0986

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# होटल में वृद्ध महिला का शव बरामद

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

**दक्षिण** मुंबई के मशहूर ट्राइडेंट होटल में रविवार को 60 वर्षीय वृद्ध महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर मरीन ड्राइव पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच जारी है।



### पुलिस द्वारा प्रारंभिक जानकारी

मृतका की पहचान विनती मेहतानी के रूप में हुई है, जो मुंबई के पेडर रोड पर अपनी वृद्ध मां के साथ रहती थीं। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से वह अकेले ट्राइडेंट होटल के 27वीं मंजिल के एक कमरे में ठहरी हुई थीं। रविवार शाम को होटल स्टाफ ने देखा कि महिला के कमरे का दरवाजा लंबे समय तक बंद रहा। कई बार दस्तक देने के बाद भी दरवाजा न खुलने पर होटल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मास्टर चाबी की मदद से दरवाजा खोला, जहां विनती मेहतानी का शव मिला।

### अभी तक की जांच के निष्कर्ष

पुलिस के अनुसार, मृतका लंबे समय से बीमार थीं। कमरे से कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिससे मौत के कारणों का पता चल सके। पुलिस का कहना है कि मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है और परिजनों को सूचित कर दिया गया है। इस घटना ने होटल में ठहरने वाले अन्य लोगों के बीच हलचल मचा दी है।

महावितरण
महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्या.

**ई-निविदा सुचना**

कल्याण पूर्व विभागांतर्गत महावितरणमध्ये ई-नोंदणी केलेल्या अनुभवी कंत्राटदाराकडुन निम्नलिखित कामाकरीता ई-निविदा मागविण्यात येत आहेत. सदर ई-निविदा कंपनीच्या संकेतस्थळ http://works.mahadiscom.in./e-Tender/etender वर उपलब्ध आहेत.

| अ. क्र. | निविदा क्र. | कामाचे स्वरूप/कार्यालय | निविदा शुल्क जीएसटी सह (नापरतावा) | ईसारा रक्कम (रूपये) |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| १ | EE/KLNE/TECH/BM/DTC/24-25/T-06 | कल्याण पूर्व विभागांतर्गत रोहित्रांचे ब्रेकडाऊन देखभाल चे काम करणे. | रूपये ११८०/- | १०,००० |
| २ | EE/KLNE/TECH/BM/HT/24-25/T-07 | कल्याण पूर्व विभागांतर्गत उच्चदाब उपरी व भुमिगत वाहिन्यांचे ब्रेकडाऊन देखभाल चे काम करणे. | रूपये ११८०/- | १०,००० |
| ३ | EE/KLNE/TECH/BM/LT/24-25/T-08 | कल्याण पूर्व विभागांतर्गत लघुदाब उपरी व भुमिगत वाहिन्यांचे ब्रेकडाऊन देखभाल चे काम करणे. | रूपये ११८०/- | १०,००० |
| ४ | EE/KLNE/TECH/NSC/24-25/T-09 | कल्याण पूर्व विभागांतर्गत नविन विज जोडणी करणेकामी पायाभूत सुविधांचा विकास करणेचे काम. | रूपये ११८००/- | २५,००० |

निविदा अर्ज वेबसाईटवरून घेण्याचा कालावधी दि.२०.०१.२०२५ ते दि.०८.०२.२०२५

निविदा वेबसाईटवर भरण्याचा अंतिम दिनांक ०९.०२.२०२५ सकाळी ११.०० वाजेपर्यंत

निविदा उघडण्याचा दिनांक १०.०२.२०२५ दुपारी १६.०० वाजेपासून पुढे

अधिक माहितीसाठी कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय, म.रा.वि.वि.कं.मर्या., कल्याण पूर्व विभाग, सिद्धीविनायक कॉम्प्लेक्स समोर, कल्याण-शिळ रोड, टाटा पॉवर हाऊस जवळ, एम.आय.डी.सी., फेज-१, डोंबिवली पूर्व-४२१ २०३, भ्रमणध्वनी : कार्या.८८७९६२६४२१, E-mail:- eekalyaneast@ho.mahadiscom.in, eekalyaneast@yahoo.in

**कार्यकारी अभियंता, कल्याण पूर्व विभाग**

बीड सरपंच हत्या मामला

# मराठा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

### दौरे पर आए डिप्टी CM पवार का किया विरोध

**बीड/मुंबई।** महाराष्ट्र के बीड में सरपंच हत्या मामले में के विरोध में मराठा संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। उन्होंने सोमवार को जालना में उपमुख्यमंत्री अजित पवार को काले झंडे दिखाए। दरअसल, अजित पवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की जिला इकाई के एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। मराठा महासंघ के जिला अध्यक्ष अरविंद देशमुख ने प्रदर्शन का नेतृत्व किया। कार्यकर्ताओं ने सरपंच बीड के मसजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या और हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार दलित व्यक्ति सोमनाथ सूर्यवंशी की न्यायिक हिरासत में मौत की निंदा करते हुए नारेबाजी की।




### बीड के संरक्षक मंत्री हैं अजित पवार

मराठा महासंघ के जिला अध्यक्ष अरविंद देशमुख ने कहा कि अजित पवार बीड के संरक्षक मंत्री हैं। उन्हें बीड में सरपंच और परभाणी में दलित व्यक्ति के परिवारों को न्याय सुनिश्चित करना चाहिए। बता दें कि बीड के मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख का नौ दिसंबर को अपहरण किया गया था। उन्हें यातनी दी गई और बाद में उकी हत्या कर दी गई। उन्होंने (सरपंच) एक पवनचक्की परियोजना का संचालन करने वाली एक ऊर्जा कंपनी पर जबरन वसूली की कोशिश को रोकने का प्रयास किया गया था।

# महाराष्ट्र बोर्ड ने विवाद के बीच परीक्षा टिकटों से विवादित हिस्सा हटाया

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (एमएसबीएसएचएसई) ने कई वर्गों की आलोचना का सामना करने के बाद कक्षा 10वीं और 12वीं के हॉल टिकट से 'जाति श्रेणी' वाला विवादित हिस्सा हटा दिया है। बता दें कि, एमएसबीएसएचएसई की तरफ से आगामी बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने वाले छात्रों के हॉल टिकट पर 'जाति श्रेणी' वाला हिस्सा शुरू करने के बाद विवाद खड़ा हो गया था।




### आलोचना के बीच बोर्ड ने जारी किया एक परिपत्र

इसके बाद छात्रों, शैक्षिक विशेषज्ञों और अन्य विशेषज्ञों की आलोचना के बीच बोर्ड ने अपने प्रारंभिक निर्णय को रद्द करते हुए एक परिपत्र जारी किया है। बोर्ड ने शनिवार रात कहा, 'जनता की भावनाओं पर विचार करने के बाद बोर्ड ने एचएससी परीक्षाओं के हॉल टिकट से जाति श्रेणी वाला भाग वापस लेने का फैसला लिया है। नए हॉल टिकट 23 जनवरी से जारी किए जाएंगे। यह निर्णय एसएससी परीक्षाओं के लिए भी लागू है और कक्षा 10 के छात्रों के लिए नए हॉल टिकट 20 जनवरी (सोमवार) से जारी किए जाएंगे।' एमएसबीएसएचएसई ने तर्क दिया था कि परीक्षा टिकटों पर नया कॉलम 'छात्रों की जाति श्रेणी की उनके संबंधित कॉलेजों और स्कूलों के सामान्य रजिस्टर में सटीक प्रविष्टि सुनिश्चित करने के लिए' जोड़ा गया था। संशोधित महाराष्ट्र बोर्ड परीक्षा हॉल टिकट आधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध होंगे।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**एसडब्लूएम विभाग, आर/साउथ वार्ड**

**संख्या-. एई/आरएस/7233/एसडब्ल्यूएम, दिनांक- 20.01.2025**

**कोटेशन नोटिस**

**विषय:** आर/साउथ वार्ड कार्यालय भवन, आशियाना भवन और कांदिवली (पश्चिम) में बादशाह निवास की दैनिक सफाई के लिए संस्था की नियुक्ति।

आर/साउथ वार्ड कार्यालय भवन, आशियाना भवन और कांदिवली (पश्चिम) में बादशाह निवास की दैनिक सफाई के लिए 01.02.2025 से 12.09.2025 तक की अवधि के लिए, गैर-सरकारी संस्था, निजी कंपनी जो भविष्य निधि और राज्य कर्मचारी बीमा योजना के साथ पंजीकृत हैं, से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। लॉटरी के माध्यम से कार्य आवंटित करने के लिए पात्रता सूची तैयार करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

इच्छुक आवेदक 3300 रुपये + 18% जीएसटी और बयाना राशि का भुगतान करने के बाद सहायक अभियंता (एसडब्ल्यूएम) आर/दक्षिण वार्ड के कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। 20.01.2025 से 24.01.2025 के दौरान सुबह 10.30 बजे से शाम 04.00 बजे तक किसी भी सीएफसी केंद्र पर नकद 41,650 रुपये जमा करें। पात्रता सूची से पात्र संस्थाओं/कंपनी को ईओआई की शर्तों के अनुसार सहायक आयुक्त द्वारा कार्य आवंटित किया जाएगा।

इच्छुक संस्थाएं अधिक जानकारी, आवेदन पत्र और शपथ पत्र के नमूने के लिए आर/दक्षिण वार्ड कार्यालय से संपर्क कर सकती हैं या नगर निगम के वेबपेज http://portal.mcgm.gov.in पर जा सकती हैं। आर/दक्षिण वार्ड कार्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 24.01.2025 शाम 5.00 बजे तक है।

उल्लिखित नियत तिथि और समय के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। इस विज्ञापन से संबंधित सभी अधिकार सहायक आयुक्त, आर/दक्षिण के पास सुरक्षित हैं और यह उन संस्थाओं/कंपनी पर बाध्यकारी होगा जिनसे आवेदन प्राप्त हुए हैं।

सही/-
सहायक आयुक्त आर/दक्षिण वार्ड

पीआरओ/2291/विज्ञा./2024-25

**समय पर उपचार, बचाएं प्राण।**

संपादकीय

# हादसों की सड़क

यह शर्मनाक ही है कि भारत में दुनिया की सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इन दुर्घटनाओं में अन्य कारणों के अलावा सबसे अधिक भूमिका तकनीकी व गुणवत्ता की खामियों वाली सड़कों की होती है। यह भयावह है कि वर्ष 2023 में देश में हुई पांच लाख दुर्घटनाओं में करीब पौने दो लाख लोगों की मौत हुई। उस पर सबसे दुखद यह है कि मरने वालों में एक लाख चौदह हजार लोग अट्ठारह से 45 वर्ष के बीच के युवा थे। जो परिवार के कमाने वाले व नई उम्मीद थे। इन हालात को देखते हुए ही केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने वर्ष 2030 तक इन सड़क दुर्घटनाओं को आधा करने का लक्ष्य रखा है। यह विडंबना ही है कि दुर्घटनाएं रोकने के लिये सख्त कानून बनाने एवं तकनीक के जरिये चालकों की लापरवाही पर नजर रखने जैसे उपायों के बावजूद आशातीत परिणाम सामने नहीं आए हैं। ऐसे में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के बेबाक सुझाव से सहमत हुआ जा सकता है कि खराब सड़क निर्माण को गैर-जमानती अपराध बना दिया जाना चाहिए। इसके लिये ठेकेदार और इंजीनियर की जवाबदेही तय होनी चाहिए। हाल ही में भारतीय उद्योग परिसंघ के एक कार्यक्रम में उन्होंने दुःख जताया कि विदेशों में होने वाले कार्यक्रमों में जब भारत में विश्व की सर्वाधिक सड़क दुर्घटना वाले देश के रूप में चर्चा होती है, तो उन्हें शर्म महसूस होती है। आखिर तमाम प्रयासों के बावजूद सड़क हादसे क्यों नहीं थम रहे हैं। यह बात तय है कि अगले पांच सालों में सड़क दुर्घटनाओं को यदि आधा करना है, तो युद्ध स्तर पर प्रयास करने होंगे। उन कारणों को तलाशना होगा, जिनकी वजह से हर साल सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि होती है। आखिर क्या वजह है कि राजमार्गों के विस्तार और तेज गति के अनुकूल सड़कें बनने के बावजूद हादसे बढ़े हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि राजमार्गों व विभिन्न तीव्र गति वाली सड़कों में साम्य का अभाव है, वहीं मोड़ों को दुर्घटना मुक्त बनाने हेतु तकनीक में बदलाव की जरूरत है। ऐसे में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय को उन कारणों की पड़ताल करनी होगी, जो पर्याप्त धन आवंटन के बावजूद सड़कों को दुर्घटनामुक्त बनाने में बाधक हैं। ऐसे में जरूरी है कि सड़कों की निर्माण सामग्री और डिजाइनों की निगरानी के लिये स्वतंत्र व सशक्त तंत्र बनाया जाए, जो बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के काम कर सके। साथ ही मंत्रालय का दायित्व बनता है कि इस बाबत स्पष्ट नीति को सख्ती से लागू किया जाए। यह जानते हुए कि सड़कों के ठेके में मोटे मुनाफे के लिए एक समांतर भ्रष्ट तंत्र देश में विकसित हुआ है, जो निर्माण कार्य की गुणवत्ता से समझौता करने से परहेज नहीं करता। जिसके खिलाफ उठने वाली ईमानदार आवाजें दबा दी जाती हैं। निस्संदेह, गुणवत्ता का मूल्यांकन करने वाली व्यवस्था की जवाबदेही तय करने की सख्त जरूरत है। तब हमें यह सुनने को नहीं मिलेगा कि उद्घाटन के कुछ ही बाद ही सड़क उखड़ गई या बारिश में घुल गई।

# रोजगार सृजन और महंगाई पर नियंत्रण हो

आज़ादी के बाद, संविधान द्वारा यह घोषणा की गई थी कि हम प्रजातांत्रिक तरीके से समाजवाद की स्थापना करेंगे, यानी अमीर-गरीब के भेद को मिटाएंगे। हालांकि, संविधान को अंगीकार करने के पौन सदी बाद भी यह भेद जस का तस बना हुआ है। देश में प्रगति तो हो रही है, लेकिन वह चंद धनकुबेरों की संपत्ति बनकर रह गई है। आज भी 10 प्रतिशत लोग देश की 90 प्रतिशत संपत्ति पर हावी हैं, जबकि 90 प्रतिशत लोग 10 प्रतिशत संपत्ति से अपना जीवन यापन कर रहे हैं।

वर्ष 2047 तक देश को पूरी तरह से विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है और यह सपना देखा है कि भारत विश्व गुरु बनेगा। वर्तमान सरकार के 11 वर्षों में हमने देश को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बना दिया है और अगले वर्षों में तीसरी महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर हैं। हालांकि, यह सपना है, पर क्या वास्तविकता में अमीर-गरीब का भेद मिट पाया है? क्या मेहनत करने वालों को रोजगार मिला है? और क्या वजह है कि हर संकट में गरीब और भी अधिक परेशान होता है, जबकि अमीर और भी समृद्ध हो जाते हैं। नए आंकड़े बताते हैं कि एशिया में सबसे अधिक खरबपति भारत में हैं। भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने का सपना बहुत आकर्षक है, लेकिन इसके लिए जीडीपी विकास दर 8-9 प्रतिशत के बीच रहनी चाहिए। हालांकि, 2024-25 के आर्थिक वर्ष की आखिरी तिमाही में जीडीपी विकास दर पिछले चार सालों में सबसे कम रही, जो 5.4 प्रतिशत तक गिर गई। इसका कारण महंगाई, शहरी मांग में कमी, महंगी वस्तुएं और घटती उपभोक्ता शक्ति बताई जा रही है। इसके अतिरिक्त, पूंजी निवेश में कमी और उत्पादकता में अवरोध भी आर्थिक मंदी के कारण बने। वर्ष 2023-24 में भारत ने 8.2 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि हासिल की थी, जो दर्शाता है कि यदि सही नीतियां अपनाई जाएं, तो आर्थिक वृद्धि संभव है।

आगामी बजट में वित्तमंत्री को इस मंदी का ध्यान रखते हुए ऐसे कदम उठाने होंगे जो निवेश को प्रोत्साहित करें, उत्पादकता बढ़ाएं, और रोज़गार के अवसर सृजित करें। इसके परिणामस्वरूप मांग में वृद्धि होगी और बाजारों में निरुत्साह की स्थिति को रोका जा सकेगा। कृषि, जो देश का प्रमुख क्षेत्र है और जिसमें 62 प्रतिशत श्रम लगा है, अब उसके जीडीपी योगदान में गिरावट आ रही है।



कोविड महामारी के प्रभाव से शहरी औद्योगिक और उत्पादक क्षेत्रों से श्रम बल वापस ग्रामीण इलाकों में लौट आया है, और अब वे शहरों में काम करने के लिए तैयार नहीं हैं। आंकड़ों के अनुसार, 16 प्रतिशत श्रम बल कृषि से अन्य क्षेत्रों में गया था, लेकिन पिछले दस वर्षों में 19 प्रतिशत श्रम बल खेती में लौट आया है, जबकि खेती की उत्पादकता अन्य क्षेत्रों से कम है। सेवा क्षेत्र और पर्यटन ने जीडीपी में बड़ा योगदान दिया है, लेकिन

**सुरेश सेठ**

रोजगार की संभावना सीमित है। सरकार के मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया और उत्पादन लिंक्ड इंसेंटिव योजनाओं के बावजूद पूंजी निर्माण की कमी के कारण ये योजनाएं सफल नहीं हो पाई। शहरी उपभोग में गिरावट के साथ ग्रामीण उपभोग में वृद्धि हुई है।

सरकार ने सहकारी क्षेत्र को विकसित करने का प्रस्ताव रखा है, लेकिन इसके लिए इन उद्योगों को गांवों, कस्बों या छोटे शहरों में स्थापित करना आवश्यक है। शहरी महंगाई से गरीब वर्ग का सामना कठिन हो रहा है, जबकि गांवों में खेती का कुटीर उद्योग कुछ सहारा दे सकते हैं। महंगाई का असर गांवों और शहरों दोनों पर है। एक और बड़ी चुनौती यह है कि युवा पीढ़ी को रोजगार की गारंटी नहीं मिल पा रही, खासकर सरकार द्वारा महंगाई नियंत्रण के लिए लागू की गई सख्त साख नीति के कारण। उच्च ब्याज दरों और रैपो रेट में कोई कमी न आने से यह स्थिति और भी जटिल हो गई है।

आगामी माह में रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति में ब्याज दरों या रैपो रेट में कटौती की आवश्यकता होगी, ताकि खेती से लेकर निवेश तक को प्रोत्साहन मिल सके और रोजगार सृजन हो सके। वर्तमान में कृषि, होटल और सम्पत्ति क्षेत्र को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में विकास दर घट गई है, जैसे निर्माण, खनन, विद्युत, गैस, और व्यापार।

इसका कारण निवेश और पूंजी निर्माण की कमी है, जो ब्याज दरों में कटौती से पूरी हो सकती है। हालांकि, ब्याज दरों में कमी महंगाई को बढ़ा सकती है, इसलिए आर्थिक संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

जीवन मंत्र — आचार्य चाणक्य

## कम उम्र में अमीर बनने की 3 आदतें

आचार्य चाणक्य के अनुसार जो व्यक्ति समय का महत्व समझ जाता है, उसे तरक्की करने से कोई नहीं रोक सकता। हर इंसान को गिनकर चौबीस घंटों का ही समय मिलता है, जहां कोई इन्हें यूं ही बर्बाद कर देता है तो कोई इन चौबीस घंटों में भी बहुत कुछ बड़ा कर जाता है।

आचार्य चाणक्य ने अपनी नीतियों में इंसान की ऐसी 3 आदतों का जिक्र किया है, जो उसे कम उम्र में ही धनवान बना देती हैं। ऐसी आदतों वाले मनुष्य को कम उम्र में ही सफलता मिल जाती है। भारत के इतिहास में कई ऐसे प्रकांड विद्वान हुए जिनका लोहा आज भी माना जाता है। जनमानस के बीच उनकी बातें आज भी उतना महत्व रखती हैं कि लोग जरूरत पड़ने पर उनका ही अनुसरण करते हैं। इन्हीं विद्वानों में से एक थे आचार्य चाणक्य, जिन्हें जीवन के हर एक क्षेत्र के बारे में अद्भुत ज्ञान था। इसी ज्ञान को लोगों से साझा करने के लिए उन्होंने अपनी नीतियां लिखीं, जिनमें जीवन के हर एक पहलू को मानों खोलकर रख दिया। उन्होंने जीवन में सफलता कैसे पाई जाए, इसपर भी बहुत विस्तार में लिखा। आज उन्हीं की नीतियों से हम आपको व्यक्ति की ऐसी तीन आदतों के बारे में बता रहे हैं जो उसे कम उम्र में ही सफलता के उच्च शिखर पर पहुंचाने की ताकत रखती हैं। आचार्य के मुताबिक जिन लोगों में ये आदतें होती हैं, वो कम उम्र में भी धनवान बन



जाते हैं। तो चलिए जानते हैं वो आदतें क्या हैं। आचार्य चाणक्य के अनुसार जो व्यक्ति समय का महत्व समझ जाता है, उसे तरक्की करने से कोई नहीं रोक सकता। हर इंसान को गिनकर चौबीस घंटों का ही समय मिलता है, जहां कोई इन्हें यूं ही बर्बाद कर देता है तो कोई इन चौबीस घंटों में भी बहुत कुछ बड़ा कर जाता है। आचार्य के मुताबिक मानव जीवन का हर एक क्षण बहुत कीमती होता है। जो इसका सही मोल समझ जाए, वो बहुत ही कम समय में कामयाबी का उच्च शिखर हासिल कर लेता है।

आचार्य चाणक्य के अनुसार सफलता पाने का एक ही सूत्र है और वो है कड़ी मेहनत करना। जो व्यक्ति जीवन भर मेहनत से भागता आया है, उसकी सफलता भी उससे उतनी ही कोसों दूर भागती है। अपनी नीति में आचार्य कहते हैं कि मेहनती इंसान से तो माता लक्ष्मी भी प्रसन्न रहती हैं। हालांकि मेहनत का मतलब गधा मजदूरी बिल्कुल भी नहीं है। सही दिशा में किया गया प्रयास ही सफलता की ओर ले जाता है। जिस व्यक्ति में शुरू से ही मेहनत से ना भागने वाला गुण होता है, वो कम समय में ही तरक्की हासिल कर लेता है।

आचार्य चाणक्य के अनुसार व्यक्ति की वाणी यानी उसकी जुबान भी उसकी सफलता में बड़ी अहम भूमिका निभाती है। जिस व्यक्ति को वाणी का खेल आता हो, वो अपने लिए रास्ता निकाल ही लेता है।

शख्सियत — मधु दंडवते

## भारतीय भौतिक विज्ञानी और समाजवादी राजनीतिज्ञ



मधु दंडवते एक भारतीय भौतिक विज्ञानी और समाजवादी राजनीतिज्ञ थे , जिन्होंने मोरारजी देसाई मंत्रालय में रेल मंत्री और वीपी सिंह मंत्रालय में वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया। इनका जन्म 21 जनवरी 1924 को हुआ था। अहमदनगर , बॉम्बे प्रेसीडेंसी में जन्मे दंडवते ने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने से पहले बॉम्बे में एक भौतिक विज्ञानी के रूप में अध्ययन किया और कार्यरत थे। आजादी के बाद, उन्होंने 1971 से 1991 तक महाराष्ट्र के राजापुर से संसद सदस्य के रूप में कार्य किया।

एक विपक्षी राजनेता के रूप में, दंडवते को आपातकाल के दौरान जेल में डाल दिया गया था । 1977 से 1979 तक रेल मंत्री के रूप में कार्य करते हुए, उन्होंने कई सुधारों की शुरुआत की, विशेष रूप से द्वितीय श्रेणी के यात्रियों को अधिक आरामदायक गद्देदार सीटें प्रदान करना, एक ऐसा उपाय जिसने ३करोड़ों लोगों की मदद की३। बाद में 1980 के दशक के अंत में, उन्होंने वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया। एक प्रमुख समाजवादी राजनीतिज्ञ और विपक्षी नेता, दंडवते को उनकी ईमानदारी, ज्ञान, सादगी और व्यावहारिकता के लिए सम्मान दिया जाता था , इतिहासकार रामचंद्र गुहा ने उन्हें उन कुछ मंत्रियों में शामिल किया था, जिन्हें अपने लोगों के जीवन को मौलिक रूप से बदलने वाले कार्यक्रमों को अंजाम देने के लिए याद किया जाएगा।

दंडवते ने एक स्वतंत्रता कार्यकर्ता के रूप में राजनीति में प्रवेश किया , 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया। वह 1955 में पुर्तगाली साम्राज्यवाद के खिलाफ गोवा में सत्याग्रह अभियान के नेता थे । वे प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के सदस्य थे और 1948 से इसकी महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे। बाद में, उन्होंने पार्टी के संयुक्त सचिव के रूप में भी काम किया। वे 1969 के भूमि मुक्ति आंदोलन के एक सक्रिय नेता थे। 1970-71 के दौरान, दंडवते महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य थे । 1971 से 1990 तक, वह महाराष्ट्र के कोंकण में राजापुर से लगातार पाँच बार लोकसभा के लिए चुने गए संसद सदस्य थे । वह इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल के दौरान प्रमुख विपक्षी नेताओं में से एक थे ।


दंडवते को 1975 में आपातकाल के दौरान गिरफ्तार किया गया था, और उन्होंने बैंगलोर सेंट्रल जेल में समय बिताया था ।आपातकाल की समाप्ति और 1977 के चुनावों के बाद , दंडवते ने मोरारजी देसाई मंत्रालय में रेल मंत्री के रूप में कार्य किया। उन्होंने देश के रेल बुनियादी ढांचे में कई सुधार शुरू किए । इनमें रेलवे आरक्षण का कम्प्यूटरीकरण शामिल था, जिसने बुकिंग क्लर्कों के बीच भ्रष्टाचार और यात्रियों के बीच अनिश्चितता को कम किया; 1978-79 में कोंकण रेलवे के पहले चरण को मंजूरी दी, जिसमें अप्टा से रोहा तक एक लाइन थी और 5000 किलोमीटर पुरानी पटरियों की मरम्मत या प्रतिस्थापन किया गया।

जीवन ऊर्जा — व्लादिमिर इल्यिच उल्यानोव : निधन- 21 जनवरी , 1924 — देहावसान

व्लादिमिर इल्यिच उल्यानोव, जिन्हें लेनिन के नाम से भी जाना जाता है, (२२ अप्रैल १८७० – २१ जनवरी १९२४) एक रूसी साम्यवादी क्रान्तिकारी, राजनीतिज्ञ तथा राजनीतिक सिद्धांतकार थे। लेनिन को रूस में बोल्शेविक की लड़ाई के नेता के रूप में प्रसिद्धि मिली। वह 1917 से 1924 तक सोवियत रूस के, और 1922 से 1924 तक सोवियत संघ के भी ३हेड ऑफ़ गवर्नमेंट३ रहे। उनके प्रशासन काल में रूस, और उसके बाद व्यापक सोवियत संघ भी, रूसी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा नियंत्रित एक-पक्ष साम्यवादी राज्य बन गया।

## साम्राज्यवाद पूंजीवाद का उच्चतम चरण है

पूंजीवाद के लिए घरेलू बाजार की तुलना में अधिक लाभ उत्पन्न करने के लिए, बैंकों और औद्योगिक कार्टेलों का विलय वित्त पूंजीवाद का उत्पादन करता है और अविकसित और अविकसित अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों में पूंजी का निर्यात और निवेश करता है । बदले में, वह वित्तीय व्यवहार दुनिया को एकाधिकार वाली व्यावसायिक कंपनियों के बीच विभाजित करता है। अविकसित देशों के उपनिवेशीकरण में, व्यवसाय और सरकार दुनिया की अधिकांश आबादी के श्रम के शोषण पर भू-राजनीतिक संघर्ष में संलग्न होंगे । इसलिए, साम्राज्यवाद पूंजीवाद का उच्चतम (उन्नत) चरण है, जिसमें श्रम और प्राकृतिक संसाधनों का शोषण करने के लिए एकाधिकार की आवश्यकता होती



है, और उपनिवेशवाद को बनाए रखने के लिए निर्मित वस्तुओं के बजाय वित्त पूंजी का निर्यात होता है, जो साम्राज्यवाद का एक अभिन्न कार्य है। इसके अलावा, पूंजीवादी मातृभूमि में, लोगों और उनकी अर्थव्यवस्था के औपनिवेशिक शोषण से प्राप्त सुपर-मुनाफा व्यवसायियों को स्थानीय राजनेताओं, श्रमिक नेताओं और श्रमिक अभिजात वर्ग (श्रमिक वर्ग के ऊपरी तबके) को रिश्वत देने की अनुमति देता है ताकि राजनीतिक रूप से श्रमिक विद्रोह (श्रमिक हड़ताल) को विफल किया जा सके और श्रमिक वर्ग को खुश किया जा सके। पूंजीवाद प्रतिस्पर्धी चरण से एकाधिकार चरण की ओर बढ़ गया है, जहां कुछ बड़ी कंपनियां बाजार पर हावी हैं। उत्पादन का यह संकेन्द्रण एकाधिकार की ओर ले जाता है, जो बदले में वित्तीय पूंजी के उदय की ओर ले जाता है।


उत्पादन का संकेन्द्रण कैसे पूंजी के संकेन्द्रण की ओर ले जाता है, जिसे बैंकों द्वारा नियंत्रित किया जाता है। बैंक बचतकर्ताओं और उधारकर्ताओं के बीच मात्र मध्यस्थ से अधिक हो जाते हैं और उद्योग और वित्त पर नियंत्रण करना शुरू कर देते हैं।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



## धैर्य और प्रेम से सभी को जीता जा सकता है

बहुत समय पहले की बात है। एक वृद्ध सन्यासी हिमालय की पहाड़ियों में कहीं रहता था। वह बड़ा ज्ञानी था और उसकी बुद्धिमत्ता की ख्याति दूर दूर तक फैली थी। एक दिन एक औरत उसके पास पहुंची और अपना दुखड़ा रोने लगी। बाबा मेरा पति मुझसे बहुत प्रेम करता था लेकिन वह जबसे युद्ध से लौटा है ठीक से बात तक नहीं करता। युद्ध लोगों के साथ ऐसा ही करता है सन्यासी बोला। लोग कहते हैं कि आपकी दी हुई जड़ी बूटी इंसान में फिर से प्रेम उत्पन्न कर सकती है। कृपया आप मुझे वो जड़ी बूटी दे दें, महिला ने विनती की। सन्यासी ने कुछ सोचा और फिर बोला देवी मैं तुम्हे वह जड़ी बूटी जरूर दे देता, लेकिन उसे बनाने के लिए एक ऐसी चीज चाहिए जो मेरे पास नहीं है। आपको क्या चाहिए मुझे बताइए मैं लेकर आउंगी महिला बोली। मुझे बाघ की मूंछ का एक बाल चाहिए सन्यासी बोला।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556



अगले ही दिन महिला बाघ की तलाश में जंगल में निकल पड़ी बहुत खोजने के बाद उसे नदी के किनारे एक बाघ दिखा बाघ उसे देखते ही दहाड़ा। महिला सहम गयी और तेजी से वापस चली गयी। अगले कुछ दिनों तक यही हुआ महिला हिम्मत कर के उस बाघ के पास पहुँचती और डर कर वापस चली जाती महीना बीतते बीतते बाघ को महिला की मौजूदगी की आदत पड़ गयी और अब वह उसे देख कर सामान्य ही रहता अब तो महिला बाघ के लिए खाना भी लाने लगी और बाघ बड़े चाव से उसे खाता। उनकी दोस्ती बढ़ने लगी और अब महिला बाघ को थपथपाने भी लगी और देखते देखते एक दिन वो भी आ गया जब उसने हिम्मत दिखाते हुए बाघ की मूंछ का एक बाल भी निकाल लिया। फिर क्या था वह बिना देरी किये सन्यासी के पास पहुंची और बोली मैं बाल ले आई बाबा। बहुत अच्छे और ऐसा कहते हुए सन्यासी ने बाल को जलती हुई आग में फेंक दिया। अरे ये क्या बाबा आप नहीं जानते इस बाल को लाने के लिए मैंने कितने प्रयत्न किये और आपने इसे जला दिया । अब मेरी जड़ी बूटी कैसे बनेगी महिला घबराते हुए बोली।

अब तुम्हे किसी जड़ी बूटी की जरुरत नहीं है। सन्यासी बोला जरा सोचो तुमने बाघ को किस तरह अपने वश में किया। जब एक हिंसक पशु को धैर्य और प्रेम से जीता जा सकता है तो क्या एक इंसान को नहीं। जाओ जिस तरह तुमने बाघ को अपना मित्र बना लिया। उसी तरह अपने पति के अन्दर प्रेम भाव जागृत करो। महिला सन्यासी की बात समझ गयी। अब उसे उसकी जड़ी बूटी मिल चुकी थी।

## अपने विचार



शिवसेना (यूबीटी) के कई नेता और निर्वाचित प्रतिनिधि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के संपर्क में हैं और जल्द ही पार्टी में शामिल होंगे।
**-उदय सामंत** - नेता , शिवसेना (शिंदे गुट)



यह केस कोलकाता पुलिस से जबरन छीनकर सीबीआई को सौंपा गया, अगर मामला राज्य पुलिस के पास ही होता तो मौत की सजा कंफर्म होती।
**-ममता बनर्जी ,** मुख्यमंत्री , पश्चिम बंगाल



भाजपा ने शिंदे को हटाने की योजना तैयार कर ली है। 'शिंदे इस बात को लेकर बार-बार परेशान रहते हैं और सतारा में अपने गृह नगर दारे चले जाते हैं।'
**-संजय राउत**, सांसद , शिवसेना (यूबीटी)



दिल्ली में पहले 'बाय वन, गेट वन फ्री' शराब के बाद अब अरविंद केजरीवाल सीधा नल से शराब जैसा पानी सप्लाई कर रहे हैं।
**- स्वाति मालीवाल** , राज्यसभा सांसद

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# म्हाडा ने पांच रुकी हुई परियोजनाओं का जिम्मा संभाला

## 40 डेवलपर्स ने डर के कारण निर्माण कार्य शुरू किया, निविदा प्रक्रिया शीघ्र

दीपक पवार | मुंबई

दक्षिण मुंबई में कई वर्षों से रुकी हुई अवैध रूप से अधिग्रहित इमारतों के पुनर्विकास का जिम्मा अब म्हाडा ने संभाल लिया है। सरकार की मंजूरी के बाद, मुंबई बिल्डिंग रिपेयर एंड रिकंस्ट्रक्शन बोर्ड ने 5 परियोजनाओं का कब्जा कर लिया है और इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए शीघ्र ही निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी।




### डेवलपर्स की चिंता

बोर्ड की कठोर कार्रवाई से कई डेवलपर्स असहज हैं। करीब 40 डेवलपर्स ने अपनी परियोजनाओं पर काम शुरू कर दिया है, लेकिन इस फैसले के बाद उन्हें मुआवजे को लेकर चिंता बनी हुई है।

### रुकी हुई परियोजनाओं पर कार्रवाई

मुंबई शहर में कई डेवलपर्स ने सैकड़ों परियोजनाओं को वर्षों से रोक रखा था, जिसके कारण निवासियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ा। इन परियोजनाओं में देरी के चलते आवास विभाग ने 22 अगस्त 2023 को एक सरकारी निर्णय जारी किया था। इसके तहत, डेवलपर्स को छह महीने के भीतर कार्य शुरू करने का आदेश दिया गया था, और यदि वे इस समय सीमा में कार्य शुरू नहीं करते, तो हाउसिंग सोसाइटी को परियोजना का कार्य शुरू करने का अवसर दिया गया।

### निविदा प्रक्रिया और भविष्य

अब, इन परियोजनाओं के लिए निविदा प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी, जिससे भविष्य में विकास कार्य की गति तेज होगी। म्हाडा के उच्च अधिकारियों का कहना है कि इस पहल से लंबे समय से रुकी परियोजनाओं को गति मिलेगी और नागरिकों को जल्द ही बेहतर आवास सुविधाएं मिलेंगी।

### म्हाडा का कदम और डेवलपर्स की प्रतिक्रिया

आवास विभाग ने 13 परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण की अनुमति दी थी। इन परियोजनाओं में दादर पश्चिम में आर.पी.क. स्वामी समर्थ कृपा बिल्डिंग, लालबाग, तारानाथ निवास और अन्य कई परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं के पुनर्विकास के लिए म्हाडा ने कदम उठाया और भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी की। इससे पहले, 91 डेवलपर्स को नोटिस जारी किए गए थे और उनके साथ सुनवाई की गई थी।

# स्वच्छता के योद्धाओं को मिला नया सशक्तिकरण

## कल्याण डोंबिवली में सफाई मित्रों के लिए अनोखा प्रशिक्षण!

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका के ठोस कचरा प्रबंधन विभाग और जल निकासी- मल निकासी विभाग की ओर से सफाई मित्रों के लिए एक अनोखा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मे. दिव्यस्वप्न फाउंडेशन, कोल्हापुर का सहयोग भी था। यह प्रशिक्षण स्वच्छ भारत अभियान और स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के तहत महापालिका के आधारवाडी एसटीपी प्रकल्प में ड्रेनेज कार्य में लगे सफाई मित्रों के लिए आयोजित किया गया।




### प्रशिक्षण में क्या हुआ?

प्रशिक्षण में लगभग 50 सफाई मित्र उपस्थित थे। उन्हें ड्रेनेज में कार्य करते समय PPE किट का उपयोग, व्यक्तिगत स्वास्थ्य सुरक्षा, और मैनुअल स्कैवेंजर एक्ट 2013 के बारे में जानकारी दी गई। सफाई मित्रों को यह भी बताया गया कि कार्य करते समय उन्हें किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। इसके साथ ही, विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी मार्गदर्शन किया गया, जो सफाई मित्रों के लिए लाभकारी हो सकती हैं।

### प्रशिक्षण में मौजूद अधिकारी

इस कार्यक्रम में दिव्यस्वप्न फाउंडेशन के प्रशिक्षकों ऐश्वर्या जोशी, शिवराज जाधव, और अमर लोखंडे ने प्रशिक्षण दिया। महापालिका के मल निकासी विभाग के कार्यकारी अभियंता घनश्याम नवांगूळ, ठोस कचरा प्रबंधन प्रकल्प के कार्यकारी अभियंता योगेश गोटेकर, और कार्यकारी अभियंता (यांत्रिकी) राजू राठोड भी उपस्थित थे। इसके अलावा, मे. ग्रेव्हीट इंजिनियरिंग वर्क्स, मुंबई के प्रतिनिधि भी प्रशिक्षण में शामिल थे।

# पारसनाथ तिवारी को मिला मानद डॉक्टरेट का खिताब

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

समाजसेवा में अपनी विशेष पहचान बनाने वाले पंडित रामसकल इंग्लिश स्कूल के संचालक और राष्ट्रवादी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव पारसनाथ तिवारी को अमेरिका की सीडर ब्रूक यूनिवर्सिटी ने पीएचडी (डॉक्टर ऑफ सोशल वर्क) की मानद डॉक्टरेट डिग्री से सम्मानित किया है।इस उपाधि के सम्मान में आयोजित सत्कार समारोह में शहर के कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए और डॉ. तिवारी को बधाई दी।

### समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदान



पारसनाथ तिवारी न केवल टिटवाला स्थित पंडित रामसकल प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के संचालक हैं, बल्कि हिंदी भाषी संगठन के राज्य प्रमुख, उत्तर भारतीय संघ के ट्रस्टी, और यात्री सेवा संघ के संस्थापक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनकी सेवाओं ने कल्याण, डोंबिवली, उल्हासनगर और आसपास के क्षेत्रों में उन्हें समाजसेवा के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बना दिया है।

### सम्मान और शुभकामनाएँ

डॉ. पारसनाथ तिवारी को डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर विजय नारायण पंडित, शिवसेना उल्हासनगर शहर उपाध्यक्ष दिलीप मिश्रा, चंद्रकांत मिश्रा, सुरेश चौहान, बी.पी. सिंह, विजय उपाध्याय समेत कई गणमान्य व्यक्तियों ने शुभकामनाएँ दीं।

# भिवंडी रिक्शा यूनियन ने किया गरीब नवाज समारोह का आयोजन

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

तीन बत्ती चौक स्थित रिक्शा चालक मालाक संघ ने हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती गरीब नवाज के 813वें उर्स मुबारक के अवसर पर गरीब नवाज का 18वां वार्षिक कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया।



### कार्यक्रम की शुरुआत और मुख्य अतिथि

इस कार्यक्रम में शरजील रजा कादरी के बेटे मुहम्मद असजद रजा ने अपनी दिलकश आवाज में नात और मनकबत पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुहम्मद शरजील रजा कादरी ने अपने संबोधन में कहा कि हजरत ख्वाजा गरीब नवाज सदियों से अमन और शांति का प्रतीक रहे हैं। उनकी कृपा और दया से अनगिनत लोग लाभान्वित हुए हैं। अजमेर शरीफ दरगाह न केवल मुसलमानों बल्कि अन्य समुदायों के लोगों के लिए भी आस्था का केंद्र है।

# ठाणे डिस्ट्रिक्ट सब जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हृदया पाटिल का शानदार प्रदर्शन

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी



हाल ही में ठाणे डिस्ट्रिक्ट सब जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप संपन्न हुई, जिसमें अजिंक्यतारा स्पोर्ट्स क्लब की हृदया पाटिल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लड़कियों की अंडर-12 कैटेगरी में लंबी कूद में रजत और 60 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। कोच विलास भावे और निवृत्ति कांबले के मार्गदर्शन में, अजिंक्यतारा क्लब के अन्य खिलाड़ियों ने शीर्ष आठ स्थान हासिल किए हैं। हृदया पाटिल ने अपने प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त की और टिप्पणी की कि मैं राज्य प्रतियोगिता के लिए बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अपने कौशल में सुधार करने के लिए उत्सुक हूं।

# विधायक कुमार आयलानी के परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे केंद्रीय मंत्री



उल्हासनगर। विधायक कुमार आयलानी के पुत्र धीरज कुमार आयलानी का मुंबई के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान गुरुवार को निधन हो गया। इस दुःखद घड़ी में तमाम लोग उनके परिवार के साथ शोक संतप्त हुए और उन्हें ढाढस बंधाया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल, जगन्नाथ पाटिल, नरेंद्र पवार, वन मंत्री गणेश नाइक, और आमदार सुलभा गणपत गायकवाड़ समेत कई अन्य गणमान्य लोग आमदार कुमार आयलानी के घर पहुंचे और उनके परिवार को सांत्वना दी। सोमवार को केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्री रामदास आठवले भी आमदार कुमार आयलानी के घर पहुंचे। उन्होंने धीरज आयलानी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए पूरे परिवार को सांत्वना दी।

# महाराष्ट्र राज्य लॉटरी: दिसंबर महीने के ड्रा परिणाम घोषित

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी के दिसंबर 2024 के मासिक और साप्ताहिक ड्रा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस महीने कई बड़े पुरस्कार वितरित किए गए, जिससे विजेताओं में खुशी की लहर दौड़ गई।



**इन्हें मिला पुरस्कार**

10 दिसंबर को आयोजित महाराष्ट्र सह्याद्री लॉटरी में नागपुर के टिकट नंबर एमएस-2412-ए/39878 को 11 लाख का प्रथम पुरस्कार मिला। इसके बाद 14 दिसंबर को महाराष्ट्र गणेश लक्ष्मी नटाल स्पेशल लॉटरी में दादर, मुंबई के टिकट नंबर जीएस-06-4089 ने 22 लाख का पुरस्कार जीता। 18 दिसंबर को महाराष्ट्र गौरव लॉटरी में छत्रपति संभाजीनगर के टिकट नंबर जी-56/2976 ने 35 लाख का बड़ा पुरस्कार हासिल किया। इसी तरह, 21 दिसंबर को आयोजित महाराष्ट्र तेजस्विनी लॉटरी में पुणे के टिकट नंबर टीजे-08/5631 को 25 लाख का प्रथम पुरस्कार मिला। इसके अलावा, महा सागर लक्ष्मी साप्ताहिक ड्रा में कुल 5 विजेताओं को 7 लाख के प्रथम पुरस्कार दिए गए। दिसंबर महीने में आयोजित इन ड्रा के माध्यम से मासिक ड्रा में 1,25,09,700 और साप्ताहिक ड्रा में 2,03,69,800 की पुरस्कार राशि वितरित की गई।

### महत्वपूर्ण निर्देश:

विजेता को 10,000 से अधिक की पुरस्कार राशि के लिए महाराष्ट्र राज्य लॉटरी की वेबसाइट पर दी गई प्रक्रिया का पालन करना होगा। बड़ी राशि के लिए वाशी स्थित उप निदेशक (वित्त एवं लेखा) कार्यालय में दावा करना होगा। जबकि 10,000 तक की राशि सीधे विक्रेताओं से प्राप्त की जा सकती है।

# सुभाष मैदान पर मचा हंगामा

## खेल प्रेमियों और मनसे के बीच विवाद

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

कल्याण पश्चिम के सुभाष मैदान पर हाल ही में एक बड़ा विवाद उत्पन्न हुआ, जो खेल प्रेमियों और मनसे के बीच तीव्र टकराव का कारण बन गया। यह मैदान क्षेत्र का एकमात्र खेल मैदान है, जहां बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए खेलने और बैठने की सुविधाएं उपलब्ध हैं। केडीएमसी ने 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम के तहत इनडोर खेलों के लिए खुदाई का कार्य प्रारंभ किया था। जैसे ही यह जानकारी खेल प्रेमियों और मनसे के पदाधिकारियों को मिली, उन्होंने इसका तीव्र विरोध करना शुरू कर दिया। मनसे के जिला अध्यक्ष उल्हास भोईर ने चेतावनी दी कि अगर इस मैदान पर कोई अतिक्रमण हुआ, तो वे अधिकारियों को परेशान करने से पीछे नहीं हटेंगे। मनसे और खेल प्रेमियों का विरोध इतना आक्रामक था कि केडीएमसी ने समझौते का रास्ता अपनाया। अधिकारियों ने नागरिकों के साथ चर्चा करने और आगे की प्रक्रिया पर विचार करने का आश्वासन दिया।



### खेल मैदानों की कमी

कल्याण क्षेत्र में खेल मैदानों की कमी को देखते हुए यह मुद्दा और भी महत्वपूर्ण हो गया है। हाल ही में डोंबिवली के सावलाराम महाराज खेल संकुल में ठाकरे गुट द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता भी मैदान की दुरावस्था के कारण रद्द कर दी गई थी, जिससे सुभाष मैदान की स्थिति और भी महत्वपूर्ण हो गई है।

### प्रकाश भोईर का हस्तक्षेप

मनसे के पूर्व विधायक प्रकाश भोईर भी मैदान पर पहुंचे और उन्होंने जेसीबी को साइड में करने का प्रयास किया। अधिकारियों ने यह समझाने की कोशिश की कि इनडोर खेलों की व्यवस्था मैदान के बाहर की जा सकती है, लेकिन खेल प्रेमियों और मनसे के पदाधिकारियों ने उनकी बात सुनने से इनकार कर दिया। अंततः अधिकारियों को वहां से लौटना पड़ा।

# अहमदाबाद स्टेशन से ओरिजिनेट/टर्मिनेट होने वाली कुछ ट्रेनों के टर्मिनल में परिवर्तन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

अहमदाबाद स्टेशन पर चल रहे स्टेशन पुनर्विकास कार्य के मद्देनजर पश्चिम रेलवे द्वारा 23 जनवरी, 2025 से अहमदाबाद स्टेशन से ओरिजिनेट/टर्मिनेट होने वाली कुछ ट्रेनों के टर्मिनल को अस्थायी तौर पर परिवर्तित कर वटवा/मणिनगर स्टेशन करने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी।



### वटवा स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होने वाली ट्रेनें:

- ट्रेन संख्या 69116 अहमदाबाद- आणंद मेमू वटवा स्टेशन से 23.10 बजे शॉर्ट ओरिजिनेट होगी।
- ट्रेन संख्या 69130 अहमदाबाद- आणंद मेमू वटवा स्टेशन से 18.35 बजे शॉर्ट ओरिजिनेट होगी।

### मणिनगर स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होने वाली ट्रेनें:

- ट्रेन संख्या 19036 अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस मणिनगर स्टेशन से 18.35 बजे शॉर्ट ओरिजिनेट होगी।

### वटवा स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होने वाली ट्रेनें:

- ट्रेन संख्या 12933 मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद कर्णावती एक्सप्रेस वटवा स्टेशन पर 20.50 बजे शॉर्ट टर्मिनेट होगी।
- ट्रेन संख्या 19417 मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद एक्सप्रेस वटवा स्टेशन पर 02.45 बजे शॉर्ट टर्मिनेट होगी।
- ट्रेन संख्या 19035 वडोदरा-अहमदाबाद एक्सप्रेस वटवा स्टेशन पर 20.35 बजे शॉर्ट टर्मिनेट होगी।
- ट्रेन संख्या 69101 वडोदरा-अहमदाबाद मेमू वटवा स्टेशन पर 09.35 बजे शॉर्ट टर्मिनेट होगी।
- ट्रेन संख्या 69113 वडोदरा-अहमदाबाद मेमू वटवा स्टेशन पर 22.55 बजे शॉर्ट टर्मिनेट होगी।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** यात्रा लाभदायक रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है। संचित कोष में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**वृष:** फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। बजट बिगड़ेगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचित व्यक्तियों पर अंधविश्वास न करें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**मिथुन:** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति संभव है। यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबारी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। आशंका-कुशंका रहेगी।

**कर्क:** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चिंता बनी रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। निवेश लाभदायक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा।

**सिंह:** कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। शत्रु पस्त होंगे। विवाद में न पड़ें।

**कन्या:** घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें।

**तुला:** उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। बड़ा काम करने का मन बनेगा। झंझटों से दूर रहें। कानूनी अड़चन का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक:** दूर से बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। बेवजह तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। फालतू बातों पर ध्यान न दें। मेहनत अधिक व लाभ कम होगा।

**धनु:** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। स्थायी संपत्ति से बड़ा लाभ हो सकता है। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न तथा संतुष्ट रहेंगे। निवेश शुभ फल देगा।

**मकर:** व्यवसाय में ध्यान देना पड़ेगा। व्यर्थ समय न गंवाएं। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। थकान रहेगी। कुसंगति से बचें। निवेश शुभ रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कुंभ:** योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**मीन:** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। समय की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

# बीमारी से मुक्ति कब तक मिल सकती है।




जब कोई रोग या बीमारी आकर किसी जातक को घेर लेते है तो वह हमें शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से मुख्य रूप से दिक्कत देते है कोई भी व्यक्ति हो वह बीमारी/रोग से ग्रसित नही रहना चाहता है क्योंकि स्वास्थ्य ही जीवन का पहला सुख है।आज इसी विषय पर बात करेंगे यदि कोई भी किसी भी तरह की बीमारी/रोग है तो क्या उनसे मुक्ति मिल पाएगी, बीमारी/रोग ठीक हो पायेगा, और ठीक हो पायेगा तो कब तक आदि। किसी भी रोग/बीमारी बिल्कुल ठीक होने के लिए, रोग/बीमारी से मुक्ति के लिए जिससे रोग/बीमारी हमेशा के लिए ठीक हो जाये और जातक/जातिका हमेशा स्वास्थ्य रहे इसके लिए लग्न/लग्नेश और छठा भाव/छठे घर का स्वामी अच्छी अवस्था मे होना चाहिए, कारण क्योंकि लग्न और लग्नेश जातक/जातिका का शरीर है, और रोगों से लड़ने की शक्ति देता है शरीर को ही रोग/बीमारी होती है, साथ ही छठा भाव रोगों मुक्ति का है कि कितनी जल्दी रोग से मुक्ति मिलेगी या



प्रियंका जैन
9769994439

लंबा समय लगेगा, किसी भी रोग को ठीक होने में कितना समय लगेगा यह छठा घर और इसका स्वामी की स्थिति बताएगी, एक तरह से छठा भाव जातक/जातिका के रोग प्रतिरोधक क्षमता को बताता है। जो भी जातक/जातिका अस्वास्थ्य रहते है ,किसी न किसी बीमारी न ग्रसित कर रखा हो, या कोई बड़ी बीमारी है उनका इलाज चल रहा और वह कब ठीक होगी यह सब लग्न/लग्नेश और छठे भाव छठे भाव के स्वामी की बलवान स्थिति तय करेगी, यह दोनों भाव और भावेश बलवान/शुभ होंगे तब कितनी भी बड़ी बीमारी/रोग किसी भी तरह का क्यों न हो ठीक हो जाएगा इलाज से, इसके विपरीत जब छठा भाव और लग्न लग्नेश अशुभ कमजोर हुआ तब वर्षो तक दवाइयां खाते रहने पर भी बीमारी पूरी तरह ठीक नही होती, ऐसी स्थिति में लग्न लग्नेश को बलवान करना चाहिए और छठे भाव और भावेश को शुभ और परिस्थिति अनुसार बलवान करने के उपाय। अब कुछ उदाहरणों से समझते है कैसे बीमारी ठीक हो सकती है या नही, और होगी तो कब तक आदि।

**उदाहरण_अनुसार1:**

जैसे कि वृष लग्न की कुंडली किसी बीमार या रोग/बीमारी से ग्रसित जातक-जातिका की बने,तब यहाँ लग्न का स्वामी भी शुक्र बनेगा और छठे घर का स्वामी भी शुक्र बनेगा, अब यहाँ मुख्य रूप से रोग/बीमारी को ठीक करना, या रोग देना यह सब शुक्र पर निर्भर करेगा यदि शुक्र अशुभ भावगत होकर पीड़ित हुआ तब ऐसे जातक को रोग और बीमारी जल्दी पकड़ेगी, क्योंकि यहां लग्नेश और छठे घर का स्वामी शुक्र हो, अब यहाँ रोग से मुक्ति तब ही संभव होगी जब शुक्र बलवान हो और केंद्र या त्रिकोण में अपने मित्र ग्रहों के साथ हो, जैसे कुंडली के छठे भाव मे ही हो लेकिन अपने मित्र बुध शनि आदि के साथ होगा तब जातक को बीमारी/रोग होने पर इलाज कराने पर जल्दी फायदा मिलेगा।

**न्यूज़ ब्रीफ**

## बक्सर में बन रहा मेडिकल कॉलेज
### 100 छात्रों का होगा एडमिशन

**बक्सर।** बक्सर जिले के डुमरांव में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल बक्सर का निर्माण किया जा रहा है। यह अस्पताल परिसर 515 करोड़ रुपये की लागत से 25 एकड़ में बनाया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य के लोगों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के उद्देश्य से राज्य में कई मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों का निर्माण किया जा रहा है। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए बक्सर में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। मंगल पांडेय ने कहा कि 25 एकड़ में बन रहे राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के परिसर में हॉस्पिटल ब्लॉक, ओपीडी ब्लॉक, एकेडमिक ब्लॉक एवं आवासीय ब्लॉक आदि का निर्माण कार्य चल रहा है। यहां प्रतिवर्ष 100 विद्यार्थियों के नामांकन की क्षमता होगी।

## BCCL का क्लर्क 14 हजार रुपए रिश्वत लेते अरेस्ट



**धनबाद।** सीबीआई ने 14 हजार रुपए रिश्वत लेते बीसीसीएल के कर्मचारी स्थापना डिपार्टमेंट के क्लर्क प्रणय सरकार को गिरफ्तार कर लिया है। धनबाद के कोयला भवन से उसकी गिरफ्तारी की गयी है। बीसीसीएल के कर्मचारी स्थापना डिपार्टमेंट का क्लर्क प्रणय सरकार पीएफ की राशि ट्रांसफर करने के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा था।

## महिला ने फंदे से लटककर की खुदकुशी

**बोकारो।** बोकारो जिले के बालीडीह थाना क्षेत्र के कुर्मीडीह में सोमवार को 35 वर्षीया महिला गुड़िया देवी ने अपने घर में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर बालीडीह थाना इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतका की बेटी मेघा कुमारी ने तुपकाडीह के एक युवक पर अपनी मां की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। किशोर कुमार को आरापी बनाया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना के वक्त मृतका घर में अकेली थी। पति नागेन नायक रांची में काम करता है। बेटी मेघा कुमारी कुर्मीडीह की एक दुकान में काम करती है। बेटा सागर ननिहाल में रहता है। घटना की सूचना पर मृतका के पति और पुत्र कुर्मीडीह पहुंचे। मृतका की बेटी मेघा कुमारी ने बताया कि किशोर कुमार नाम के युवक ने फोन कर उसे बताया कि घर जाकर देखो, तुम्हारी मां क्या कर रही है?

69000 शिक्षक भर्ती

# 25 जनवरी से फिर आंदोलन शुरू करेंगे अभ्यर्थी

### सरकार पर लगाया लापरवाही का आरोप

एजेंसी | लखनऊ

69000 शिक्षक भर्ती मामले में एक बार फिर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने आंदोलन का आह्वान किया है। यह आंदोलन गणतंत्र दिवस से एक दिन पूर्व 25 जनवरी से शुरू होगा। इस आंदोलन में उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिलों से 6000 से अधिक महिला व पुरुष अभ्यर्थी शामिल होंगे। यह जानकारी अभ्यर्थियों के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने दी।

**मामला लटकता चला जा रहा**



अमरेंद्र पटेल का कहना है कि 69000 शिक्षक भर्ती मामले में लखनऊ हाईकोर्ट की डबल बेंच ने आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के पक्ष में फैसला सुनाया था और सरकार को तीन महीने के अंदर फैसले का पालन किए जाने का आदेश दिया था लेकिन सरकार की लापरवाही की वजह से अभी तक फैसला का पालन नहीं हो सका और यह मामला सुप्रीम कोर्ट में चला गया। सुप्रीम कोर्ट में भी सरकार अपना पक्ष रखने में देरी कर रही है, जिसकी वजह से मामला लटकता चला जा रहा है। 25 जनवरी के आंदोलन के माध्यम से हम सरकार से यही मांग करेंगे कि वह सुप्रीम कोर्ट में जल्द से जल्द सुनवाई कराये और मामले को निस्तारित करें क्योंकि हम आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी पिछले 4 साल से दर-दर की ठोकर खा रहे हैं और मानसिक अवसाद से गुजर रहे हैं।

## अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज



एजेंसी | पटना

पटना सिविल कोर्ट में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। यह मामला अधिवक्ता बी के कत्याल ने केजरीवाल द्वारा बिहार के वोटर्स पर की गई टिप्पणी को लेकर दायर किया है। अदालत ने इस मामले में अरविंद केजरीवाल को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह केजरीवाल के खिलाफ दर्ज 11वां मामला है, जिनमें से 3 मामलों में वह पहले माफी मांग चुके हैं।

बी के कत्याल ने बताया कि 9 जनवरी को अरविंद केजरीवाल ने सार्वजनिक रूप से यूपी और बिहार के लोगों को "फर्जी वोटर" बताया था। उनका यह बयान न केवल अपमानजनक था, बल्कि इससे लाखों लोगों की भावनाएं को ठेस पहुंची हैं।

## गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ की अभद्र टिप्पणी

### आरोपी के खिलाफ एफआईआर

### गिरफ्तारी के लिए टीम गठित

**आजमगढ़।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ इंस्टाग्राम पर अभद्र टिप्पणी करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए एक युवक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच में जुट गई है। आजमगढ़ में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने दो टीमें गठित की हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर पुलिस टीम निगरानी कर रही है। जिले के एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले राम प्रसाद नाम के एक युवक ने 'आरके भारती आजमगढ़' के नाम से इंस्टाग्राम पर आईडी बनाई है।

**फूलपुर कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत**




मामले को संज्ञान में लेते हुए युवक के खिलाफ फूलपुर कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस आरोपी युवक की तलाश के लिए दो टीम गठित की है। उन्होंने बताया कि आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी। एसपी आरए चिराग जैन ने बताया कि सोशल मीडिया पर पुलिस निगरानी कर रही है।

# हर साल 2 अरब बढ़ रही IIT की संपत्ति

### 5 साल से बढ़ रहा बैलेंस शीट का बजट

**वाराणसी।** आईआईटी बीएचयू की संपत्ति में हर साल करीब 2 अरब रुपये की बढ़ोतरी हो रही है। बैलेंस शीट के बजट में पांच साल से ये ट्रेंड बना हुआ है। साल 2024 का बजट 18.01 अरब से भी ऊपर चला गया है। अब कयास लगाया है कि 31 मार्च की क्लोजिंग के बाद जो नई बैलेंस शीट आएगी, उसमें ये आंकड़ा 20 अरब को भी पार कर सकता है। ये भूटान के राष्ट्रीय बजट के बराबर हो सकता है। जानकारी मिली कि आईआईटी बीएचयू में 1.18 अरब रुपये की लैब ही है। 2019 में संस्थान की संपत्ति 6.29 अरब रुपये से करीब साढ़े 4 अरब बढ़कर 2020 में 10.70 अरब तक पहुंच गई। 2021 के बाद हर साल करीब डेढ़ से 2 अरब रुपये बढ़ रही है। 2021 में 12.92 अरब, 2022 में 14.30 अरब, 2023 में 16.42 अरब और 2024 में 18.01 अरब पहुंची है। साल 2024 की बैलेंस शीट में संस्थान को करीब 4.02 अरब रुपये अपने इनकम से मिले हैं। इसमें 2.6 अरब का रिसर्च ग्रांट और सब्सिडी का हिस्सा सबसे बड़ा है।



**ई-जर्नल पर 45 करोड़**

संस्थान में खर्च 3.72 अरब रुपये है। इसमें सबसे ज्यादा 2.11 अरब रुपये स्टाफ को दिए गए हैं। मेंटेनेंस खर्च 65.67 करोड़ और शैक्षणिक खर्च 38 करोड़ किए गए। लाइब्रेरी और विज्ञान पत्रिकाओं पर 11 करोड़, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर पर 12 करोड़, ई-जर्नल पर 45 करोड़, पेटेंट पर 32 लाख रुपये खर्च किए गए। इसमें 2.38 अरब का भवन भी है।

**93 प्रोजेक्ट से मिले 66.20 करोड़ रुपए**

2023 के आंकड़ों के अनुसार, शैक्षणिक प्राप्तियां 64 करोड़ की है। 66 लोगों ने दान में 36 करोड़ रुपये दिए गए। इसका ब्याज 4 करोड़ मिला। वहीं 93 प्रोजेक्ट से 66.20 करोड़ रुपये मिले। 2023 में 60.69 करोड़ रुपये ही मिले थे। छात्रों ने 10.49 करोड़ की फीस जमा की। इसमें 2023 के मुकाबले एक करोड़ की बढ़ोतरी हुई है। 2023 में ये आकड़ा 9.68 करोड़ रुपये था।

# गोपालगंज के सबेया एयरपोर्ट को मिली 4 करोड़ की सौगात

### शुरू हुआ बाउंड्री वॉल का निर्माण

**गोपालगंज।** नया साल बिहार के कई जिलों के लिए सौगात लेकर आया है। इसी कड़ी में गोपालगंज के सबेया एयरपोर्ट को फिर से चालू करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। सोमवार को 4 करोड़ की लागत से एयरपोर्ट के बाउंड्री वॉल का निर्माण शुरू हो गया। इसकी आधारशिला जदयू सांसद डॉ. आलोक कुमार सुमन ने रखी। उड़ान योजना में शामिल सबेया एयरपोर्ट पर जल्द से जल्द विमानों का परिचालन जल्द से जल्द शुरू होने की उम्मीद बढ़ गई है।

**एयरपोर्ट के निर्माण का लेखा जोखा जल्द आएगा सामने**



एएआई के अफसरों के अनुसार गोपालगंज से छोटे विमानों की उड़ान के लायक विकसित करने की तैयारी की जा रही है। अफसरों की टीम इन जगहों पर अध्ययन के बाद फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करेगी। शुरुआती अध्ययन में यह देखा जाएगा कि इन शहरों में एयरपोर्ट के निर्माण के दौरान कितना काम होगा।

# पटना में बेहोश हुए राजस्थान विधानसभा के स्पीकर

### विशेष विमान से जाएंगे जयपुर

एजेंसी | पटना

बिहार की राजधानी पटना में सोमवार को दो दिवसीय अखिल भारतीय पीठासीन सम्मेलन शुरू हुआ। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की एकाएक तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद प्रारंभिक इलाज के लिए उन्हें PMCH के इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी के ICU में भर्ती कराया गया है। देवनानी से मिलने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अस्पताल पहुंचे।

**विशेष विमान से जाएंगे जयपुर**



बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने बताया कि देवनानी की सोमवार सुबह साढ़े 8 बजे तबीयत खराब हुई थी। उन्हें उस वक्त सीने में दर्द हो रहा था। जांच में गैस की समस्या का पता चला है।

# रक्सौल-जयनगर वाया सीतामढ़ी रूट पर चलेगी नई ट्रेन

एजेंसी | रक्सौल

रेलवे ने रक्सौल से जयनगर के बीच वाया सीतामढ़ी और दरभंगा नई ट्रेन सेवा शुरू करने की घोषणा की है. इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है. अब सीतामढ़ी-पुपरी से डायरेक्ट जयनगर जा सकते हैं. रक्सौल-जयनगर नई ट्रेन 26 जनवरी से रेगुलर चलाई जाएगी. इस ट्रेन को चलवाने में जनकपुर रोड निवासी डॉ अमित कुमार का बहुत बड़ा योगदान हैं. सीतामढ़ी-रक्सौल से जयनगर के लिए नई ट्रेन सेवा 26 जनवरी से शुरू होगी और इसका उद्घाटन 25 जनवरी को होगा।



**ट्रेन की मांग कर रहे यात्रियों और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर**

जनकपुर रोड निवासी डॉ अमित कुमार ने एक साल से अटके रक्सौल जयनगर ट्रेन को चलवाने में सफल हुए. उन्होंने रेल मंत्री को 31 दिसंबर 2024 को ईमेल किया था, इसके साथ ही रेलवे बोर्ड के डायरेक्टर से फोन पर आग्रह किया. डॉ अमित कुमार के आग्रह पर रक्सौल जयनगर वाया सीतामढ़ी पुपरी दरभंगा नयी ट्रेन 75215/6 को 26 जनवरी से रेगुलर चलाने का निर्णय लिया गया. डॉ अमित ने सीतामढ़ी दरभंगा मधुबनी और चंपारण की जानता की ओर से प्रधानमंत्री मोदी, रेलमंत्री और रेलवे बोर्ड डायरेक्टर सहित ईसीआर को बहुत बहुत धन्यवाद दिया है. इस ट्रेन की मांग कर रहे यात्रियों और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है।

**26 जनवरी से यह ट्रेन नियमित चलेगी**

रक्सौल से यह ट्रेन 19.35 पर खुलेगी और 10.20 में रक्सौल पहुंचेगी. इसके अलावा ट्रेन का ठहराव घोड़ासहन, बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, दरभंगा, सकरी, पंडौल, मधुबनी, राजनगर, जय नगर दिया गया है. जयनगर यह ट्रेन सुबह 3.10 पर पहुंचेगी और सुबह 3:35 पर रवाना होगी. यह ट्रेन रोजाना चलेगी. जानकारी के अनुसार 26 जनवरी से यह ट्रेन नियमित रूप से परिचालित होगी. इससे पहले 25 जनवरी को इसका उद्घाटन होगा. दूसरी ओर इस ट्रेन के कारण 15528 जयनगर इंटरसिटी एक्सप्रेस जयनगर सुबह 4:10 की जगह 3:55 बजे पहुंचेगी. फिलहाल दोनों ट्रेन के समय सारणी में बदलाव उद्घाटन के बाद किया जाएगा।

## व्यापार जगत

# डोनाल्ड ट्रंप के स्वागत में उछला शेयर बाजार

### सेंसेक्स ने लगाई 454.11 अंकों की छलांग

एजेंसी | मुंबई

अमेरिका के नए राष्ट्रपति के तौर पर डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार शपथ ग्रहण से पहले उनके स्वागत में घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ. कारोबार के आखिर में बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 454.11 अंक या 0.59% की छलांग लगाकर 77,073.44 अंक पर पहुंच गया. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 141.55 अंक या 0.61% की तेजी के साथ 23,344.75 अंक पर बंद हुआ।



**एशियाई बाजारों सकारात्मक रुख से शेयर बाजार में तेजी**

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "एशियाई बाजारों से मिली सकारात्मक भावना ने घरेलू बाजारों को मजबूती दी, जिससे सप्ताह की शुरुआत अच्छी रही. इसके अलावा, बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्रों से आय के मजबूत शुरुआती सेट ने निकट भविष्य में आय में सुधार की संभावना से प्रेरित होकर व्यापक आधार पर रैली को गति दी. हालांकि, ट्रम्प की नीतियों के बारे में अनिश्चितता बनी हुई है. निवेशक अधिक स्पष्टता का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. तेल की कीमतों में बढ़ोतरी एक और प्रमुख चिंता है।"

**मुनाफे में रहा कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर**

शेयर बाजार के कारोबार के आखिर में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स के 17 शेयर बढ़त और 13 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए. 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी के 29 शेयर हरे निशान और 21 शेयर लाल निशान पर रहे. इन दोनों सूचकांकों में कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर सबसे अधिक मुनाफे में रहा. बीएसई में इसका शेयर 9.15% उछलकर 1919.60 रुये प्रति शेयर और एनएसई में 9.06% की बढ़त के साथ 1918 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया. वहीं, बीएसई में जोमैटो का शेयर 3.14% गिरकर 240.95 रुपये प्रति शेयर और एनएसई में 2.82% टूटकर 1497 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ।

**एशिया के दूसरे बाजारों में जोरदार उछाल**

एशिया के दूसरे बाजारों की बात करें, तो इनमें जोरदार उछाल दर्ज की गई. जापान का निक्केई 225, हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कंपोजिट बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में गिरावट देखी गई. यूरोपीय और अमेरिकी बाजारों में सकारात्मक रुख देखा जा रहा है. वैश्विक तेल बाजार में ब्रेंट क्रूड सालाना आधार पर 4.38% उछलकर 80.45 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# मोदी सरकार का 'मास्टर प्लान'

### टेलीकॉम सेक्टर में अंबानी और मित्तल का दबदबा खत्म करने की तैयारी

**मुंबई।** मोदी सरकार टेलीकॉम क्षेत्र में अहम बदलाव करने की योजना बना रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार सरकार टेलीकॉम कंपनियों के AGR बकाए पर बड़ी राहत देने पर विचार कर रही है, जिसका सबसे बड़ा फायदा वोडाफोन आइडिया को हो सकता है।

2019 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद, वोडाफोन आइडिया और भारती एयरटेल जैसी कंपनियों पर सरकार का भारी बकाया है, जिसमें भारी ब्याज और जुर्माना शामिल है। सूत्रों के अनुसार सरकार 50 प्रतिशत ब्याज और 100 प्रतिशत जुर्माना माफ करने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। अगर यह प्रस्ताव लागू होता है, तो यह टेलीकॉम सेक्टर में बड़ा बदलाव ला सकता है और दो प्रमुख निजी कंपनियों के प्रभुत्व को चुनौती दे सकता है।

**वोडाफोन आइडिया को मिलेगी बड़ी राहत**



यदि यह प्रस्ताव मंजूर होता है, तो टेलीकॉम कंपनियों को 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय राहत मिल सकती है। वोडाफोन आइडिया को इस प्रस्ताव से सबसे ज्यादा फायदा होगा, क्योंकि कंपनी पर सरकार का हजारों करोड़ रुपये का बकाया है। प्रस्तावित राहत के तहत वोडाफोन आइडिया का AGR बकाया 52,000 करोड़ रुपये से अधिक कम हो सकता है।

**एयरटेल और टाटा को भी मिलेगी राहत**

भारती एयरटेल को लगभग 38,000 करोड़ रुपये की राहत मिल सकती है, जबकि टाटा टेलीसर्विसेज को 14,000 करोड़ रुपये की राहत मिल सकती है। हालांकि, रिलायंस जियो पर कोई AGR बकाया नहीं ।

# कल्याण ज्वेलर्स के शेयर में 7% की तेजी

### मोतीलाल ओसवाल ने रिश्वतखोरी के आरोपों को बताया निराधार

**मुंबई।** हाल ही में मोतीलाल ओसवाल एएमसी के फंड मैनेजरों द्वारा कल्याण ज्वैलर्स के शेयरों को लेकर आई अटकलों को स्पष्ट किए जाने के बाद, कंपनी के शेयरों में 20 जनवरी को 9% से अधिक की उछाल आई. यह उछाल तीन दिनों की गिरावट के बाद आई, जब एसेट मैनेजर ने आभूषण निर्माता के स्टॉक से जुड़ी अफवाहों को नकारा किया।

जनवरी महीने में अब तक कल्याण ज्वैलर्स के शेयरों में लगभग 30 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है. 2 जनवरी को कंपनी के शेयर ने रिकॉर्ड उच्चतम स्तर 794.60 रुपये को छुआ था, जिसके बाद भारी बिकवाली का दौर शुरू हो गया।

**अफवाहों पर मोतीलाल ओसवाल एएमसी का स्पष्टीकरण**




मोतीलाल ओसवाल एएमसी ने सोशल मीडिया पर फैली अफवाहों को खारिज किया, जिसमें आरोप था कि फंड मैनेजरों को कल्याण ज्वैलर्स में निवेश करने के लिए रिश्वत दी गई थी. एएमसी ने इन आरोपों को "निराधार, दुर्भावनापूर्ण और अपमानजनक" करार दिया और कहा कि यह एक जानबूझकर किए गए प्रयास थे ताकि उनकी प्रतिष्ठा को खराब किया जा सके। कल्याण ज्वैलर्स ने 14 जनवरी को एक आय ऑडियो कॉल में इन अफवाहों का खंडन किया और स्पष्ट किया कि उनके परिसरों पर कोई आईटी छापा नहीं पड़ा था।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को दिसंबर तिमाही में 959 करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (सीबीआई) ने वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है।

31 दिसंबर, 2024 को समाप्त (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में बैंक का मुनाफा 33 फीसदी बढ़कर 959 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 718 करोड़ रुपये रहा था। सेंट्रल बैंक ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि तीसरी तिमाही में बैंक की कुल आय




बढ़कर 9,739 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 9,139 करोड़ रुपये थी। इस दौरान बैंक की ब्याज आय भी बढ़कर 8,509 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 7,809 करोड़ रुपये थी। बैंक का परिचालन लाभ बढ़कर 1,963 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 1,931 करोड़ रुपये था।

इसके अलावा परिसंपत्ति की गुणवत्ता के मामले में बैंक की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) पिछले वित्त वर्ष के 4.50 फीसदी से घटकर 31 दिसंबर, 2024 के अंत में कुल कर्ज का 3.86 फीसदी रह गईं। वहीं, शुद्ध एनपीए भी पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के अंत में 1.27 फीसदी से घटकर अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 0.59 फीसदी हो गए हैं।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है
मुंबई, मंगलवार, 21 जनवरी 2025



ऑस्ट्रेलियन ओपन

# रूने को हरा शीर्ष खिलाड़ी सिनर तीसरी बार क्वार्टर में

- 02 ग्रैंड स्लैम खिताब पिछले साल जीते इटली के यानिक ने
- 24 ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक आज अल्काराज से भिड़ेंगे



### मेडिकल टाइमआउट लिया

दोनों को मैच में मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा। फिर सिनर की दमदार सर्विस पर रॉड लेवर एरिना का नेट निकल जाने से भी 20 मिनट का विलंब हुआ। सिनर गर्मी से निपटने के लिए चेहरे पर ठंडा तौलिया रखते दिखे और कई बार गर्दन पर पानी भी गिराया। तीसरे सेट में दस मिनट से ज्यादा विलंब के बीच वह लॉकर रूम में चिकित्सा सहायता के लिए गए। आखिर में गत चैंपियन सिनर ने 13वीं वरीयता प्राप्त रूने को 6-3, 3-6, 6-3, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

एजेंसी। मेलबर्न

दुनिया के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी इटली के यानिक सिनर तीसरी बार साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने सोमवार को 32 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान में खेले गए ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर के मुकाबले में डेनमार्क के होल्गर रूने को शिकस्त दे दी।

### अब सामना मिनॉर से

सिनर का सामना अब आठवें वरीय मेजबान खिलाड़ी एलेक्स डि मिनॉर से होगा। उन्होंने लगातार सेट में गैर वरीय अमेरिका के एलेक्स मिचेलसन को 6-0, 7-6, 6-3 से पराजित किया। 55वीं रैंकिंग वाले इटली के ही लोरेंजो सोनेगो ने अमेरिकी क्वालीफायर लर्नर टिएन को 6-2, 6-3, 3-6, 6-1 से मात दी। अब उनका सामना 21वें वरीय अमेरिका के बेन शेल्टन से होगा। वह फ्रांस के गेल मोंफिल्स के मैच के बीच से हटने से अंतिम-आठ में पहुंचे। जब 38 वर्षीय गेल मैच से हटे, उस समय बेन 7-6, 6-7, 7-6, 1-0 से आगे थे। अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में नोवाक जोकोविच की टक्कर कार्लोस अल्काराज से और अलेक्जेंडर ज्वेरेव की भिड़ंत टॉमी पॉल से होगी।

### एलिना छह साल बाद क्वार्टर में

महिला वर्ग में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने 1-4 से पिछड़ने के बाद अगले 12 में से 11 गेम जीतकर वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 6-4, 6-1 से हराकर तीसरी बार टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 30 वर्षीय एलिना 12वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। वह 2019 के बाद यहां पहली बार अंतिम आठ में पहुंची हैं। एलिना ने 2021 में फ्रांस के गेल मोंफिल्स से शादी की और दोनों की बेटी सकाइ का जन्म 2022 में हुआ। स्वितोलिना का सामना अब 19वीं रैंकिंग वाली मेडिसन कीस से होगा। उन्होंने 2022 विम्बलडन चैंपियन एलेना रायबाकिना को 6-3, 1-6, 6-3 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। कीस 2015 और 2022 में यहां सेमीफाइनल में पहुंची हैं। उन्होंने इस महीने की शुरूआत में एडीलेड में खिताब जीता था।

# सात्विक और चिराग की निगाहें सत्र के पहले खिताब पर

- सिंधु पहले मैच में चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन से भिड़ेंगी
- क्वालिफिकेशन राउंड में श्रीकांत-किरण जॉर्ज आमने-सामने होंगे

इंडोनेशिया मास्टर्स



एजेंसी। जकार्ता

सात्विक साईराज रांकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में साल का पहला खिताब जीतने के उद्देश्य से कोर्ट पर उतरेगी। दूसरी ओर लक्ष्य सेन सत्र की निराशाजनक शुरुआत को पीछे छोड़कर वापसी करना चाहेंगे।

### चीनी ताइपे की जोड़ी से भिड़ंत

सात्विक और चिराग की दुनिया की नौवें नंबर की जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत चीनी ताइपे के चेन झी-रे और यू चीह लिन के खिलाफ करेगी। यह भारतीय जोड़ी शानदार फॉर्म में है और पिछले दो टूर्नामेंट मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 के सेमीफाइनल में पहुंची थी, पर दोनों में हार गई।

### ताकुमा से खेलेंगे लक्ष्य

पुरुष एकल में विश्व रैंकिंग में 12वें नंबर के लक्ष्य पहले दौर में दुनिया के 36वें नंबर के खिलाड़ी जापान के ताकुमा ओबायाशी से खेलेंगे। पिछले साल पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाले 23 वर्षीय सेन पिछले दो टूर्नामेंट में पहले दौर से बाहर हो गए थे। प्रियांशु राजावत का पहला मुकाबला जापान के ही कोडाइ नाराओका से होगा। हालांकि एकल के क्वालिफिकेशन राउंड में दो भारतीय किदांबी श्रीकांत और किरण जॉर्ज आमने-सामने होंगे। महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु अपने अभियान की शुरुआत चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन के खिलाफ करेंगी। सिंधु इंडिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में हार गईं थी। वह यहां इसकी भरपाई करने को उत्सुक होंगी। आकर्षी कश्यप जापान की नोजोमी ओकुहारा से और अनुपमा उपाध्याय स्थानीय खिलाड़ी ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से भिड़ेंगी।

इंडियन वुमैन्स लीग

# ईस्ट बंगाल ने नीता एफए को शिकस्त दी

एजेंसी। भुवनेश्वर



ईस्ट बंगाल फुटबॉल क्लब ने सोमवार को यहां फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडियन वुमैन्स लीग (आईडब्ल्यूएल) के मुकाबले में नीता एफए को 4-1 से शिकस्त दे दी। इस जीत से ईस्ट बंगाल ने अंकतालिका में शीर्ष पर अपना स्थान मजबूत कर लिया है। उसने तीन मैच में नौ अंक जुटाए हैं। उसके लिए अंजू तमांग ने 30वें मिनट, सौम्या गुगुलोथ ने 48वें मिनट, रेस्टी नांजिरी ने 50वें मिनट में और संध्या रंगनाथन ने 67वें मिनट में गोल किए। घाना की स्ट्राइकर गिफ्टी आचियाम्पोंग ने घरेलू टीम के लिए 61वें मिनट में एकमात्र गोल किया। नीता एफए तीन मैच में एक जीत, एक ड्रॉ और एक हार से चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर बरकरार है।

# प्रज्ञाननंदा जीते, गुकेश और एरिगैसी ने दूसरे दौर में ड्रॉ खेला

एजेंसी। विज्क आन जी



भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने हमवतन पी हरिकृष्णा को मात दे दी जबकि अर्जुन एरिगैसी ने टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में रविवार को ड्रॉ खेला। इससे पहले विश्व चैंपियन डी गुकेश ने रूसी मूल के ब्लादीमिर फेडोसीव से ड्रॉ खेला था जबकि लियोन ल्यूक मेंडोसा को ज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने शिकस्त दी थी। 19 वर्ष के प्रज्ञाननंदा ने डिफेंस और जवाबी हमलों का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हरिकृष्णा को मात दी। वहीं हरिकृष्णा टुकड़ों में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद लय कायम नहीं रख सके। एरिगैसी ने पहले दौर में गुकेश को हराने के करीब पहुंचे स्थानीय खिलाड़ी अनीश गिरि से ड्रॉ खेला।

# नाइजीरिया की अंडर-19 टीम ने न्यूजीलैंड को हराया

- नाइजीरिया ने 13 ओवर में छह विकेट पर 65 रन बनाए
- आखिरी ओवर में नौ रन नहीं बना सकी न्यूजीलैंड की टीम



एजेंसी। कुआलालंपुर

जिस देश की सीनियर क्रिकेट टीम दो बार विश्व चैंपियन हो, उसी की जूनियर टीम को पदार्पण करने वाली छोटी सी टीम ने धूल चटा दी। पहली बार खेल रहे नाइजीरिया ने सोमवार को बड़ा उलटफेर करते हुए आईसीसी महिला अंडर 19 टी-20 विश्व कप के वर्षाबाधित मैच में न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम को रोमांचक मुकाबले में दो रन से हरा दिया। एक अन्य मैच में ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को दो विकेट से हराया जबकि अमेरिका ने जोहोर में हुए मैच में आयरलैंड को नौ विकेट से मात दी।

### लिलियन ने दिलाई जीत

न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बारिश के कारण 13 ओवर के किए गए मैच में नाइजीरिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 65 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 57 रन था। उसे आखिरी दो ओवरो में 17 रन और आखिरी ओवर में उसे नौ रन बनाने थे। ऐसे में तेज गेंदबाज लिलियन उडेह ने किफायती गेंदबाजी करते हुए न्यूजीलैंड को केवल छह रन बनाने दिए और लक्ष्य से दो रन कम पर ही रोक दिया। उडेह (19) और कप्तान लकी पीटी (18) नाइजीरिया के लिए दोहरे अंक में पहुंचने वाली खिलाड़ी थीं। वहीं न्यूजीलैंड के लिए अनिका टोड ने सर्वाधिक 19 रन बनाए।

### तेजी से किया विकास

नाइजीरिया की लड़कियों ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया और पश्चिम अफ्रीका से क्रिकेट विश्व कप खेलने वाला यह पहला देश बना। इसके साथ ही अब ग्रुप सी के मैच में आईसीसी पूर्णकालिक सदस्य देश की टीम को भी हरा दिया। नाइजीरिया और समोआ के बीच शनिवार का मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। नाइजीरिया में फुटबॉल और एथलेटिक्स लोकप्रिय खेल हैं। क्रिकेट उपमहाद्वीप के दक्षिणी देशों दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे में ही खेला जाता है।

# भारतीय कप्तान रोहित, यशस्वी मुंबई की टीम में




डीबीडी संवाददाता। मुंबई

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को सोमवार को जम्मू-कश्मीर के खिलाफ 23 जनवरी से यहां एमसीए-बीकेसी मैदान पर होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। हालांकि अनुभवी खिलाड़ी अजिंक्य रहाणे टीम की अगुआई करना जारी रखेंगे। रोहित ने शनिवार को खेले जाने वाले अगले दौर के मैच में भाग लेने की पुष्टि कर दी थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में खराब प्रदर्शन के बाद खेल के लंबे प्रारूप में रोहित की फॉर्म को लेकर पिछले कुछ समय से सवाल उठ रहे हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने हाल में सभी अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेना अनिवार्य कर दिया था, बस फिटनेस संबंधित मुद्दों पर ही उन्हें छूट मिलेगी।

# डरबन सुपर जाइंट्स को हरा सनराइजर्स प्लेऑफ में

एजेंसी। गक्बेरहा



सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए 20 लीग के मैच में डरबन सुपर जाइंट्स को छह विकेट से हराकर प्लेऑफ में जगह बना ली है। डरबन की टीम आठ विकेट पर 115 रन ही बना सकी। मार्को यानसेन ने नई गेंद संभालते हुए दो विकेट लिए। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन, बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन और ओटनील बार्टमैन ने भी दो-दो विकेट लिए। न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन ने 45 गेंद में 42 रन बनाए जबकि नवीनुल हक ने 15 गेंद में नाबाद 30 रन की पारी खेली।

# अनूप श्रीधर सिंगापुर के अतिरिक्त एकल कोच बने

एजेंसी। सिंगापुर


भारत के पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी अनूप श्रीधर को सोमवार को सिंगापुर बैडमिंटन संघ (एसबीए) ने एकल कोच नियुक्त किया, हालांकि दक्षिण कोरिया के किम जि ह्यून एसबीए की पुरुष और महिला टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे। एसबीए के उपाध्यक्ष प्रोफेसर डेविड टैन ने कहा, उनकी शुरुआत करने की तारीख वीजा मंजूरी पर निर्भर रहेगी। यह अनुबंध कम समय का नहीं है और इसकी सभी शर्तें गोपनीय हैं।



### 2006 और 2008 में भारतीय थॉमस कप टीम के कप्तान थे श्रीधर

एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले श्रीधर 2006 और 2008 में भारतीय थॉमस कप टीम के कप्तान थे। उन्होंने 2008 बीजिंग ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वह 2005 और 2008 के बीच भारत के शीर्ष रैंकिंग के पुरुष एकल खिलाड़ी थे। 2015 में प्रतिस्पर्धी बैडमिंटन में संन्यास लेने के बाद वह दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु के अलावा लक्ष्य सेन समेत भारतीय बैडमिंटन में कुछ बड़े खिलाड़ियों को कोचिंग देने में मसरूफ रहे।


# 'मैनिफेस्टेशन' में यकीन नहीं रखतीं कंगना रनौत



बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर अक्सर चर्चा हो रही है। कंगना ने कहा कि 'मेनिफेस्टेशन' उनके लिए कुछ अच्छी चीज नहीं है। मैं इन सबमें नहीं मानती। कंगना ऐसा क्यों सोचती हैं, इस बारे में भी उन्होंने बताया है।

### काम को लेकर ऐसा मानती हैं कंगना रनौत

कंगना ने कहा, 'पहले के लोग कहते थे कि काम करो फल की चिंता मत करो। अब लोग पहले फल को पहले देखना चाहते हैं, उसके बाद में काम करते हैं। तो ये कैसा काम हुआ। हो सकता है कि आप जो अपने लिए सोच रहे हैं अच्छा न हो और मिल गया तो आपके लिए सही न हो, ऐसे में हमें सब छोड़ देना चाहिए। बस काम पर फोकस करना चाहिए। कंगना ने कहा कि सपने मैं देखती हूं, लेकिन खुली आंखों से, ये मेनिफेस्टेशन मैं नहीं करती। कंगना ने कहा, कि मैं जब आई तो मैंने कोई मेनिफेस्टेशन नहीं किया। मैंने उसके लिए काम किया। मैंने लेखन सीखने के लिए अमेरिका गई। मैंने अपने आप को और अच्छा बनाने के लिए एक्टिंग के साथ कुछ और चीजें भी ऐड ऑन कीं, उस पर मैं काम भी कर रही हूं, अब मेरे लिए क्या अच्छा है, इस बारे में भगवान खुद अपने हिसाब से अच्छा ही देगा। कंगना ने कहा कि अब ये मेरा काम नहीं है कि अब क्या होगा, जो होगा वो हमारे लिए अच्छा होगा। कंगना ने कहा कि भगवत गीता में कहा गया कि जो होगा सही होगा, जो नहीं देंगे वो भी सही होगा। श्रीकृष्ण भी कहते हैं कि जो हमारे लिए हो वो हमें भगवान अच्छा ही देंगे। कंगना ने कहा कि वे भगवान में मानती हैं लेकिन मैनिफेस्टेशन में नहीं मानती हैं।




# गोविंदा के बेटे करेंगे बॉलीवुड डेब्यू

बॉलीवुड स्टार किड्स का फिल्मों में आना कोई नई बात नहीं है। हाल ही में रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी और अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन ने फिल्म आजाद के जरिए अपना बॉलीवुड डेब्यू किया। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन फिल्म में राशा का डांस और अभिनय प्रशंसकों को बेहद पसंद आया। वहीं अब गोविंदा के बेटे यशवर्धन भी बॉलीवुड फिल्मों में अपनी किस्मत आजमाने जा रहे हैं। गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा और बाबिल एक फिल्म में साथ काम सकते हैं। कथित तौर पर यशवर्धन आहूजा, साई राजेश द्वारा निर्देशित आगामी अनाम रोमांटिक ड्रामा में नजर आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में एक और स्टार किड भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आ सकता है। दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान हैं। दरअसल, कथित तौर पर फिल्म निर्माता अपनी रोमांटिक फिल्म के लिए नए चेहरा चाहते हैं, जिसके चलते बाबिल खान और यशवर्धन आहूजा को कास्ट करने की योजना बनाई जा रही है। अल्लू अरविंद और एसकेएन फिल्म्स के सहयोग से मधु मंटेना द्वारा निर्मित इस फिल्म का निर्देशन साई राजेश करेंगे, जो कलर फोटो, हृदय कलेयम और बेबी जैसी बेहतरीन तमिल फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं।

# यामी-प्रतीक की 'धूम धाम' का टीजर आउट

प्यार, हंसी और शादी की रस्मों से सजी फिल्म धूम धाम ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में यामी गौतम प्रतीक गांधी के साथ नजर आने वाली हैं। फिल्म का निर्देशन ऋषभ सेठ ने किया है। फिल्म का प्रोडक्शन आदित्य धर और लोकेश धर ने किया है। फिल्म 14 फरवरी यानी वैलेंटाइन डे पर रिलीज होने वाली है।



### आदित्य धर ने कही ये बात

फिल्म को लेकर आदित्य धर ने कहा कि वह कुछ अलग और मनोरंजक बनाना चाहते थे। जहां हंसी, एक्शन और रोमांस शामिल हो। फिल्म में फैंस को यामी और प्रतीक की जोड़ी देखने को मिलने वाली है। इस ओटीटी पर रिलीज होगी फिल्मामी गौतम और प्रतीक गांधी की फिल्म 'धूम धाम' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। ओरिजन फिल्म की निर्देशक रुचिका कपूर शेख ने कहा, धूम धाम एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जो शादी के दिन कुछ अलग सी ही चीजें लेकर आता है। इस फिल्म के जरिए हम अपने दर्शकों का मनोरंजन कर सकेंगे।

### ऐसी है फिल्म की कहानी

यामी गौतम और प्रतीक गांधी की जोड़ी को फिल्म में देखा जाने वाला है। ये कहानी है कोयल और वीर की। वीर एक मम्मा बॉय है जो कि एक एनिमल डॉक्टर भी है। वहीं, यामी गौतम के किरदार कोयल चुलबुली सी लड़की है। फिल्म का टीजर आज नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुआ है। इसमें कोयल और वीर की लव स्टोरी में ड्रामा और कॉमेडी की मिली जुली झलक दिखाई दे रही है।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पॉन्सिबिलिटी है



न्यूज़ ब्रीफ

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ असम में एफआईआर दर्ज

**गुवाहाटी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हालिया बयान को लेकर उनके खिलाफ असम में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी में उन पर देश की संप्रभुता को खतरे में डालने का आरोप लगाया गया है। वहीं, सोमवार को कांग्रेस पार्टी ने इसे राजनीतिक स्टंट करार दिया। पुलिस ने बताया कि वकील मंजित चेतिया ने गुवाहाटी शनिवार शाम को पनबाजार थाने में दर्ज कराई। चेतिया का आरोप है कि राहुल गांधी ने पिछले हफ्ते नई दिल्ली में कांग्रेस के नए राष्ट्रीय मुख्यालय के उद्घाटन के दौरान अपने संबोधन में कहा था, भाजपा और आरएसएस ने देश के हर एक संस्थान पर कब्जा कर लिया है और अब हम भाजपा, आरएसएस और भारतीय राज्य से ही लड़ रहे हैं।

### रक्षा मंत्री ने एनसीसी कैडेट्स में भरा जोश

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को एनसीसी कैडेट्स में जोश भरा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी एनसीसी कैडेट रहे हैं। पीएम मोदी ने विकसित भारत बनाने लक्ष्य तय किया है। कैडेट्स को उनके लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग करना चाहिए। रक्षा मंत्री ने एनसीसी कैडेट्स से भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने के लिए कहा। दिल्ली छावनी में गणतंत्र दिवस को लेकर चल रहे राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के शिविर के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कैडेटों और अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुझे एनसीसी कैडेटों में भारत की छवि नजर आती है। एनसीसी कैडेट के अनुशासन और एकता की रक्षा मंत्री ने सराहना की।

### लखीमपुर हिंसा के गवाहों को धमकाने के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2021 में हुई लखीमपुर हिंसा मामले में गवाहों को धमकाने के आरोपों पर सख्ती जताई है। कोर्ट ने मुख्य आरोपी और पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा टेनी पर लगे गवाहों को प्रभावित करने के आरोप पर यूपी पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लखीमपुर खीरी के एसपी मामले की जांच करके पूरी रिपोर्ट सौंपे। सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने गवाहों को धमकाने के आरोपों पर सख्त नाराजगी जाहिर की। वहीं आरोपी आशीष मिश्रा के वकील सिद्धार्थ दवे ने आरोपों से इनकार किया। आरोपी के वकील ने कहा कि हर बार जब मामला अदालत के समक्ष आता है, तो शीर्ष अदालत द्वारा दी गई जमानत को रद्द करने के लिए इस तरह के दावे किए जाते हैं।

### दिल्ली में पक्के मकानों पर तेज हुई सियायत

**नई दिल्ली।** झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाला गरीब वर्ग केजरीवाल का सबसे मजबूत वोट बैंक माना जाता है। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि मुफ्त बिजली-पानी के कारण यह वोट बैंक केजरीवाल को वोट करता है। लेकिन दिल्ली की सत्ता में पहुंचने को उत्सुक भाजपा ने इस वोट बैंक को अपने पाले में करने के लिए इन्हें पक्का मकान देने का बड़ा वादा कर दिया जो इन वर्गों के लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। माना यह भी जा रहा है कि भाजपा के वादे का बड़ा असर हो सकता है और इस वर्ग का एक वोट बैंक खिसककर भाजपा के पाले में जा सकता है।

# जेल से चुनाव लड़ने पर रोक लगे: सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि जेल में बंद सभी लोगों को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए। जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच के सामने सोमवार को केस लिस्ट था, लेकिन सुनवाई हो नहीं सकी। ताहिर की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ अग्रवाल ने मंगलवार को सुनवाई करने का अनुरोध किया। इस पर जस्टिस मित्तल ने कहा कि अब तो जेल में बैठकर चुनाव लड़ते हैं। जेल में बैठकर चुनाव जीतना आसान है। इन सभी को चुनाव लड़ने से रोका जाना चाहिए। इस पर ताहिर के वकील ने कहा कि ताहिर का नामांकन स्वीकार किया जा चुका है। इस पर कोर्ट ने मामले को मंगलवार के लिए लिस्ट कर लिया।



दिल्ली दंगे के आरोपी की जमानत पर सुनवाई आज होगी

### हाईकोर्ट ने नामांकन के लिए कस्टडी पैरोल दी थी

ताहिर पर दिल्ली दंगों के दौरान 25 फरवरी 2020 को IB अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या करने का आरोप है। ताहिर ने चुनाव प्रचार के लिए हाईकोर्ट से 14 जनवरी से 9 फरवरी तक अंतरिम जमानत मांगी थी। 13 जनवरी को हाईकोर्ट ने कहा था कि नामांकन जेल से भी भरा जा सकता है। इस पर ताहिर की वकील तारा नरूला ने तर्क दिया कि इंजीनियर रशीद को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दी गई थी। उनके खिलाफ टेरर फंडिंग का भी मामला चल रहा है। ताहिर को एक राष्ट्रीय पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है।

आम आदमी पार्टी (AAP) के पूर्व पार्षद ताहिर को असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी AIMIM ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मुस्तफाबाद सीट से टिकट दिया है।


### अब तक 114 गवाहों में से 20 गवाहों से पूछताछ

मामले में ट्रायल शुरू हो चुका है और अब तक 114 गवाहों में से 20 गवाहों से पूछताछ हो चुकी है। ऐसे में ट्रायल जल्द पूरी होने की उम्मीद नहीं है। ताहिर 4 साल 9 महीने से ज्यादा समय से हिरासत में है। हाईकोर्ट ने 14 जनवरी को ताहिर की कस्टडी पेरोल मंजूर की थी। 16 जनवरी को कड़ी सुरक्षा के बीच ताहिर तिहाड़ जेल से बाहर आए और नामांकन भरने के बाद वापस जेल चले गए थे। इसके बाद ताहिर जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे।

# केरल में 24 साल की युवती को फांसी की सजा

### बॉयफ्रेंड को जहर देकर मारा था

एजेंसी । तिरुवनंतपुरम



केरल के तिरुवनंतपुरम की डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने सोमवार को 24 साल की एक युवती को फांसी की सजा सुनाई। युवती ने अक्टूबर 2022 में आयुर्वेदिक टॉनिक में जहर मिलाकर अपने बॉयफ्रेंड को पिलाकर उसकी हत्या कर दी थी। युवती की शादी कहीं और तय हो गई थी, इसलिए उसने बॉयफ्रेंड से पीछा छुड़ाने के लिए, उसकी जान ले ली। उसके चाचा निर्मला कुमारण नायर को हत्या में साथ देने और सबूत मिटाने का दोषी पाया गया, उसे 3 साल की सजा सुनाई गई। जबकि युवती की मां को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया।

### पहले भी मारने की कोशिश की थी

वीएस विनीत कुमार ने बताया- ग्रीष्मा ने पहले भी कई बार शेरोन को मारने की कोशिश की थी। ग्रीष्मा ने शेरोन को जूस में पैरासिटामॉल की गोलियां मिलाकर दीं। शेरोन ने जूस पिया तो उसे कड़वा लगा और उसने थूक दिया। जिससे इसका असर नहीं हुआ था। शेरोन के माता-पिता जयराज और प्रिया ने कोर्ट के डिसीजन का स्वागत किया है। हालांकि ग्रीष्मा की मां सिंधु के बरी होने से वो निराश हैं।

### कोर्ट ने इसे रेयरस्ट ऑफ रेयर केस करार दिया

सजा सुनाते हुए अदालत ने कहा कि ये रेयरेस्ट ऑफ द रेयर केस है। लड़की ने उस व्यक्ति को धोखा दिया जो उससे प्यार करता था और इससे समाज में अच्छा संदेश नहीं गया। ग्रीष्मा के वकील ने कहा कि वह पढ़ी लिखी है और अपने माता-पिता की इकलौती बेटी है। उसका कोई क्राइम रिकॉर्ड भी नहीं है। ऐसे में सजा कम की जानी चाहिए। कोर्ट ने 586 पन्नों के अपने फैसले में कहा कि अपराध की गंभीरता के सामने दोषी की उम्र और अन्य परिस्थितियों को ध्यान में रखने की जरूरत नहीं है। ग्रीष्मा ने प्लानिंग करके शेरोन की हत्या की। गिरफ्तारी के बाद उसने अपनी जान देने की कोशिश की थी, जिससे जांच को भटकाया जा सके।

# देश में आटा-बेसन, सीमेंट को दिया जा रहा हलाल सर्टिफिकेट

### सॉलिसिटर जनरल ने पूछा- नॉन-मीट प्रोडेक्ट्स कैसे हलाल या गैर-हलाल हो सकते हैं

एजेंसी । नई दिल्ली



सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि देश में नॉन-मीट प्रोडेक्ट्स को भी हलाल सर्टिफिकेट दिया जा रहा है। एक मामले की सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि आटा, बेसन और पानी की बोतल जैसे प्रोडेक्ट्स भी इस लिस्ट में शामिल हैं। उन्होंने पूछा कि बेसन कैसे हलाल या गैर-हलाल हो सकता है। बात खाने-पीने की चीजों की नहीं है। सीमेंट और सरिया जैसी चीजों को भी यह सर्टिफिकेट दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर प्रोडेक्ट पर हलाल सर्टिफिकेट देने वाली निजी एजेंसियां लाखों करोड़ रुपए कमा रही हैं। हलाल सर्टिफिकेट लेने की लागत को भी कंपनी प्रोडेक्ट की कीमत में जोड़ देती है। इससे कीमत बढ़ जाती है।

### मार्च के आखिरी हफ्ते में होगी अगली सुनवाई

जस्टिस बी आर गवई और ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने याचिकाकर्ताओं को केंद्र के हलफनामे पर जवाब देने को कहते हुए सुनवाई मार्च के अंतिम सप्ताह के लिए टाल दी। कोर्ट ने कहा कि उसने यूपी सरकार को पहले आदेश दिया था कि वह इस मामले में कोई दंडात्मक कार्रवाई न करें। वह आदेश फिलहाल जारी रहेगा।

### हलाल इंडिया के वकील ने कहा- लिपस्टिक भी हलाल या गैर हलाल

सुनवाई के दौरान जमीयत उलेमा ए हिंद की तरफ से वकील एम आर शमशाद ने कहा कि हलाल जीवन शैली से जुड़ा विषय है। यह सोचना गलत है कि हलाल या गैर हलाल का सिद्धांत सिर्फ मीट उत्पादों पर ही लागू है। उन्होंने कहा कि बहुत से खाद्य पदार्थ ऐसे हो सकते हैं जिनमें प्रिजर्वेटिव के रूप में अल्कोहल का इस्तेमाल हुआ हो। ऐसे खाद्य पदार्थ गैर हलाल की श्रेणी में आएंगे। हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के वकील ने कहा कि लिपस्टिक जैसी मेकअप की चीजें भी हलाल या गैर हलाल हो सकती हैं।

# 'बलवंत सिंह रजोआना की दया याचिका पर 18 मार्च तक फैसला ले केंद्र'

### सुप्रीम कोर्ट का सख्त निर्देश

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार को निर्देश दिए हुए कहा कि बलवंत सिंह रजोआना की दया याचिका पर 18 मार्च तक फैसला लें। बलवंत सिंह रजोआना को साल 1995 में पंजाब के तत्कालीन सीएम बेअंत सिंह की हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए



सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि हम आपको अंतिम मौका दे रहे हैं। या तो आप फैसला करें या फिर हम मेरिट के आधार पर सुनवाई करेंगे।

### 1995 में तत्कालीन सीएम की हत्या का दोषी

रजोआना की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बीते साल 25 सितंबर को केंद्र सरकार, पंजाब सरकार और चंडीगढ़ प्रशासन से जवाब मांगा था। 31 अगस्त 1995 को पंजाब के तत्कालीन सीएम बेअंत सिंह और 16 अन्य की एक बम विस्फोट में हत्या कर दी गई थी। यह विस्फोट चंडीगढ़ में नागरिक सचिवालय के गेट पर हुआ था। रजोआना के एक साथी दिलावर सिंह ने मानव बम बनकर खुद को विस्फोट किया था। इस मामले में साल 2007 में विशेष अदालत ने रजोआना को मौत की सजा सुनाई थी।

### क्या कहा कोर्ट ने ?

पीठ में जस्टिस गवई के अलावा जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस केवी विश्वनाथन भी शामिल हैं। पीठ रजोआना की याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें रजोआना की मौत की सजा को उम्रकैद में बदलने की मांग की गई है। याचिका में तर्क दिया गया है कि रजोआना की दया याचिका पर फैसला लेने में बहुत देर हुई है। रजोआना के वकील ने कहा कि वह जेल में 29 साल बिता चुका है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह मामला बेहद संवेदनशील है। तुषार मेहता ने पीठ से छह हफ्ते का समय मांगा। इस पर पीठ ने कहा कि 'हम 18 मार्च को मेरिट या आधार पर सुनवाई करेंगे। तब तक अगर आप फैसला लेते हैं तो अच्छा, वरना हम मेरिट के आधार पर इसकी सुनवाई करेंगे।'

# एनसीआर में प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त



एजेंसी । नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी यासीन मलिक के खिलाफ चल रहे मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से कहा है कि वह यासीन के खिलाफ दो मामलों की सुनवाई कर रही जम्मू की विशेष अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की उचित सुविधा करें। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने रुबिया अपहरण केस और वायु सेना अधिकारी हत्या मामले में चल रही सुनवाई के दौरान आदेश दिया। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को तिहाड़ जेल में भी उचित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## आरजी कर मामला

# कोर्ट के फैसले से नाखुश राजनीतिक दल




एजेंसी । कोलकाता

पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में आज अदालत ने सजा का एलान कर दिया। अदालत ने दोपहर 2.45 बजे अपना फैसला सुनाते हुए दोषी संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई। आरोपी को उम्रकैद की सजा मिलने पर राज्य में विपक्षी पार्टियों ने नेताओं ने प्रतिक्रिया दी। भाजपा नेता सुकांत मजूमदार ने बताया कि वे आरोपी के लिए उच्चतम सजा की मांग कर रहे थे। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने पूछा कि क्या इस फैसले से आरोपित को कोई संदेश मिलेगा? राज्य के जूनियर डॉक्टर अदालत के फैसले से खुश नहीं हैं। उन्होंने बताया कि वे आरोपी के लिए सख्त सजा चाह रहे थे। यह सजा काफी नहीं है।

# सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को राहत

## मानहानि मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर लगाई गई रोक

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने चुनावी रैली के दौरान अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी के लिए राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा ने अमित शाह के खिलाफ कथित टिप्पणी के लिए 2019 में राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। दरअसल, 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले चाईबासा में अपने एक सार्वजनिक भाषण के दौरान राहुल गांधी ने कथित तौर पर शाह के लिए 'हत्यारा' शब्द का प्रयोग किया था।



### अगले आदेश तक मुकदमे की आगे की कार्यवाही पर रोक

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने राहुल की अपील पर जवाब मांगते हुए झारखंड सरकार और भाजपा नेता को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा कि नोटिस जारी किए जा रहे हैं। अगले आदेश तक मुकदमे की आगे की कार्यवाही पर रोक रहेगी। राहुल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि कई फैसले हैं, जो कहते हैं कि केवल पीड़ित व्यक्ति ही आपराधिक मानहानि की शिकायत दर्ज कर सकता है। मानहानि की शिकायत किसी प्रॉक्सी थर्ड पार्टी की ओर से दायर नहीं की जा सकती। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी पेश हुए।

### झारखंड हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी

इससे पहले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने झारखंड हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। फैसले में शिकायत के संबंध में एक ट्रायल कोर्ट में उनके खिलाफ कार्यवाही को रद्द करने की उनकी याचिका को खारिज कर दिया गया था।

### क्या है मामला?

कांग्रेस नेता ने रांची की मजिस्ट्रेट अदालत के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें मुकदमे के लिए व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया था। बाद में राहुल ने हाईकोर्ट का रुख किया। यहां कोर्ट ने निचली अदालत में उनके खिलाफ आगे की किसी भी कार्रवाई पर स्थगन आदेश जारी किया।

# मदुरै में किशोर पर हमला और पैरों पर गिराने का आरोप



एजेंसी । चेन्नई

तमिलनाडु के मदुरै में एक अनुसूचित जाति के किशोर पर हमला करने और उसे अपने सामने झुकने के लिए मजबूर करने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 16 जनवरी को एक घटना के संबंध में 19 वर्षीय लड़के द्वारा की गई शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू की।

### छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

छह लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296(बी), 351(2) और इसके अलावा एससी एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की धारा 3(1)(आर) और 3(1)(एस) के तहत मामला दर्ज किया गया है। अपनी शिकायत में किशोर ने बताया कि कुछ महीने पहले जब वह पुरसाती त्योहार के दौरान अपनी धोती को घुटनों पर मोड़कर गांव में घूम रहा था तो छह हिंदुओं ने उस पर आपत्ति जताई। इसी बात को लेकर उसकी अन्य लोगों से बहस शुरू हुई जो बाद में झड़प में बदल गई। इस घटना के बाद पीड़ित कुछ दिनों के लिए अपने गांव से बाहर रहा, लेकिन पोंगल त्योहार के लिए जैसे ही वह घर वापस लौटा उसे जबरन गांव से दूर ले जाया गया और उसके साथ मारपीट की गई। पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने उस पर जातिवादी टिप्पणियां कीं। पीड़ित ने बताया कि उसे लोगों के सामने झुकने के लिए मजबूर किया गया। एक बयान में पुलिस ने कहा कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।

# उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता को मिली मंजूरी, जल्द होगा लागू

एजेंसी । देहरादून

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए धामी मंत्रिमंडल ने सोमवार को इसकी नियमावली को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह फैसला 2022 के विधानसभा चुनाव में जनता से किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है। सोमवार को सचिवालय में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में यूसीसी की नियमावली का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। हालांकि, निकाय चुनावों के चलते मंत्रिमंडल की ब्रीफिंग आयोजित नहीं हो सकी। विधानसभा चुनाव में 12 फरवरी 2022 के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यूसीसी की घोषणा की। धामी मंत्रिमंडल की पहली



बैठक में यूसीसी लाने के लिए फैसला लिया गया। मई 2022 में सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति बनी। समिति ने 20 लाख सुझाव ऑफलाइन और ऑनलाइन प्राप्त किए। 2.50 लाख लोगों से समिति ने सीधा संवाद किया। 02 फरवरी 2024 को विशेषज्ञ समिति ने ड्राफ्ट रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी। सात फरवरी को विधेयक विधानसभा से पारित हुआ। राजभवन ने विधेयक को मंजूरी के लिए राष्ट्रपति को भेजा।

# घुसपैठ पर नकेल के लिए RPF मुस्तैद

### चार साल में 586 बांग्लादेशी समेत 916 लोग पकड़े गए

एजेंसी । नई दिल्ली

रेलवे में अवैध प्रवास रोकने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की बड़ी कार्रवाई का आकड़ा सामने आया है। इसके तहत आरपीएफ ने चार साल में 916 अवैध प्रवासियों को पकड़ा है। रेल मंत्रालय ने मामले में बताया कि रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने 2021 से लेकर अब तक कुल 916 अवैध प्रवासियों को पकड़ा है, जिनमें 586 बांग्लादेशी नागरिक और 318 रोहिंग्याओं शामिल हैं। इनमें से कुछ लोग भारत में अवैध तरीके से प्रवेश करने की बात कबूल कर चुके थे और उन्हें ट्रेन से यात्रा करते समय रोका गया था।



### रेलवे ने जारी किया प्रेस नोट

आरपीएफ की कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए रेलवे मंत्रालय ने प्रेस नोट जारी किया है। प्रेस नोट में कहा गया है कि घुसपैठियों द्वारा रेलवे का उपयोग उनके लिए राज्य दर राज्य यात्रा करना आसान बना देता है, लेकिन यह भारत में अवैध प्रवेश का पता लगाना और उसे रोकने में कठिनाई उत्पन्न करता है।

### बांग्लादेशी घुसपैठियों पर नकेल

रेलवे मंत्रालय ने कहा कि बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा बढ़ने के बावजूद, ये लोग असम के रास्ते भारत में घुसने का प्रयास करते हैं और रेलवे का उपयोग करते हैं। आरपीएफ ने इस समस्या से निपटने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), स्थानीय पुलिस और खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर काम किया है। इससे अवैध प्रवासियों को पकड़ने में मदद मिली है। साथ ही मंत्रालय के द्वारा जारी प्रेस बयान में बताया गया है कि कुछ घुसपैठियों ने यह स्वीकार किया कि वे अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर रहे थे। बता दें कि उन्हें ट्रेन यात्रा के दौरान, जैसे कि कोलकाता जाने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया।